

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 नंबर 1 टी२० ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या | सम्पादकीय | महंगाई को देखते हुए सांसदों की... | सीएनबीसी के पूर्व एंकर हेमंत घई मार्केट से बैन 5

वर्ष 19 ● अंक 70 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | ग्वालियर, गुरूवार 27 मार्च 2025 | email - hindustanexpressbhopal@gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सभी जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क

## मुरैना में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा हैः विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह

## अंचल के लोग ख्यातिलब्ध चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लें: विवेक तन्खा















## मुख्यमंत्री ने मुरैना में रोटरी क्लब के राहत स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुख्यमंत्री द्वारा मुरैना जिले के एसएएफ ग्राउण्ड में स्व.श्रीमती मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में व राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन द्वारा आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। उसके पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसएएफग्राउण्ड में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुये कहा कि इस तरह के बड़े आयोजनों की महत्ता इसलिये भी बढ़ जाती है, क्योंकि इन आयोजनों में मानवता का विचार निहित रहता है। कोई भी व्यक्ति अस्पताल में अपनी खुशी से नहीं आता है, परन्तु यदि उसे वहां व्यवस्थित रूप से इलाज मिल जाये तो डॉक्टर उसके लिये भगवान का रूप बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि चम्बल की धरती वीरों की धरती है। यहां के अनेक युवाओं ने देश के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है एवं अपने जीवन को सार्थक कर गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव काया में कोई भी कष्ट हो जाये तो उसके लिये बड़ी चुनौती का विषय होता है। उन्होंने कहा इस वृहद शिविर में चंबल की चुनौती भरी गर्मी एवं समय के अभाव के चलते देश के बड़े चिकित्सक यहां इस बड़े आयोजन में 8 दिवस के लिये आमजन की सेवा हेतु पधारे, इसके लिये मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में, चिकित्सक बनने के बाद मानव भाव एवं विश्वास बनाये रखना एवं जनसामान्य की सेवा करना बहुत गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस शिविर की विशेषता यह है कि यहां पर सभी प्रकार की बीमारियों को शेष पृष्ठ 2 पर...

## रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया कलचुरी महिला मण्डल ग्वालियर ने

### विक्की जुनेजा एण्ड पार्टी के कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**ग्वालियर।** कलचुरी महिला मण्डल ग्वालियर द्वारा गत दिवस जीवाजी क्लब में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली की विक्की जुनेजा एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। आयोजन के तहत कलाकारों ने भव्य व आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर महिला मण्डल की अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद थीं। सभी के द्वारा उक्त कार्यक्रमों की सराहना की गई। अंत में कलाकारों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।



## रोटरी क्लब अध्यक्ष कैलाशचन्द अग्रवाल ने लोगों से की शिविर का लाभ उठाने की अपील



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन मुरैना के प्रारंभ हो जाने पर रोटरी क्लब मुरैना के चार्टर प्रेसीडेंट कैलाशचन्द अग्रवाल एडवोकेट ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे उक्त मेडीकल मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को निराकरण करने हेतु रोटरी मेडीकल मिशन, एस.ए.एफ. ग्राउण्ड मुरैना पर अवश्य आयें तथा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर 6,000 करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये छापे कांग्रेस की एक बैठक के लिए बघेल की नयी दिल्ली की प्रस्तावित यात्रा से पहले मारे गए हैं। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने बघेल से डरकर यह छापेमारी की है।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास के साथ-साथ कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी के आवासीय परिसरों पर भी छापे मारे।

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जांच का जिम्मा संभाला है। इससे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता बघेल, ऐप के प्रमोटरों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल और 14 अन्य को अपनी प्राथमिकी में नामजद किया था।







कलचूरी महिला मण्डल द्वारा होली मिलन एवं नारीशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है

स्थानः जीवाजी क्लब ग्वालियर 27 मार्च दोपहर 01 बजे

इस कार्यक्रम में शिवपुरी, मुरैना, डबरा, भिंड और कोलारस महिला मण्डल की गरिमाममयाई उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम में आप सभी लोगो की भागीदारी प्रार्थनीय रहेगी।

मुख्य अतिथिः श्रीमती मालती राय, महापौर, (भोपाल)
विशिष्ट अतिथिः श्रीमती पूनम चौकसे, अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी
विशिष्ट अतिथिः श्रीमती शोभा सिकरवार, महापौर, ग्वालियर
विशिष्ट अतिथिः श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व महापौर
विशिष्ट अतिथिः श्रीमती पूनम चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिल्ली

अतिथिः
श्रीमती सुमन राय, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला भारतीय कलचुरि जायसवाल समवर्गीय महासभा
श्रीमती पुष्पलता पावनी जायसवाल, अ. भा. हैहय कलचुरी महासभा राष्ट्रीय महामंत्री, दिल्ली
श्रीमती कमलेश राय, अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष, भोपाल
श्रीमती अंजना हरिबाबू शिवहरे, पार्षद, नगर निगम ग्वालियर
श्रीमती रेखा चंदन राय, पार्षद नगर निगम ग्वालियर
श्रीमती प्रियंका शिवहरे, अध्यक्ष, नगर परिषद कोलारस
श्रीमती खुशबू गुप्ता, प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा
श्रीमती डॉ. कमलेश गुप्ता, महिला भारतीय कलचुरि महासभा, उत्तर प्रदेश
श्रीमती वंदना शिवहरे, मंडल अध्यक्ष बाडी शहर भाजपा महिला मोर्चा
श्रीमती सीमा शिवहरे, अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा जिला शिवपुरी
श्रीमती आरती शिवहरे, अध्यक्ष, महिला मानवाधिकार आयोग जिला धौलपुर

श्रीमती भारती शिवहरे पार्षद कोलारस, श्रीमती आशा शिवहरे पार्षद मुरैना, मुरैना, जिला अध्यक्ष अनीता शिवहरे, शिवपुरी जिला अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे, डबरा अध्यक्ष नीलम शिवहरे, भिंड जिला अध्यक्ष हेमलता शिवहरे- श्रीमती कामिनी शिवहरे, कोलारस अध्यक्ष, नीतू शिवहरे, श्रीमती रविता राय, घासमंडी ग्वालियर, श्रीमती छाया राय, घासमंडी ग्वालियर

संरक्षकः श्रीमती आशा शिवहरे, श्रीमती रूपलता गुप्ता, श्रीमती कमला शिवहरे, श्रीमती मीरा शिवहरे, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती कल्पना शिवहरे, श्रीमती सुनीता शिवहरे, श्रीमती सुरेखा शिवहरे , श्रीमती उर्मिला शिवहरे

संभागीय अध्यक्षः श्रीमती संगीता गुप्ता | जिला अध्यक्षः श्रीमती गायत्री शिवहरे | महासचिवः श्रीमती रेनू शिवहरे

उपाध्यक्षः श्रीमती ममता पवैया, श्रीमती सोनम राय, श्रीमती अंजना शिवहरे (पार्षद), श्रीमती पायल शिवहरे, श्रीमती हेमा शिवहरे संयुक्त सचिवः पिंकी राय, अनीता गुप्ता, सह सचिवः वंदना गुप्ता, हेमलता शिवहरे, सुषमा शिवहरे (लोहिया बाजार), कोषाध्यक्षः सुषमा शिवहरे (रॉयल इन होटल), सह कोषाध्यक्षः किरण शिवहरे, रानी शिवहरे, प्रवक्ताः कीर्ति गुप्ता, सीता शिवहरे, गीता शिवहरे, संगठन प्रभारीः गीता राय, भावना शिवहरे, निधि जायसवाल ममता शिवहरे

कार्यकारी सदस्यः श्रीमती उर्मिला शिवहरे, माला राय साधना शिवहरे, अनुराधा शिवहरे, संगीता शिवहरे, मधु शिवहरे, करूणा शिवहरे, पूजा शिवहरे, मूर्ति शिवहरे, सीता शिवहरे, पूजा अमर शिवहरे, ममता कंपू, मोहिनी शिवहरे, वैशाली शिवहरे, निधि शिवहरे, प्रतिभा शिवहरे, रूपाली शिवहरे, सैफाली शिहवरे, सुनीति शिवहरे, कविता शिवहरे, संध्या गुप्ता, रजनी शिवहरे

निवेदक : दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा की प्रदेश महिला समिति की बैठक सम्पन्न







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**सिवनी।** भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा की मध्य प्रदेश महिला समिति की मीटिंग प्रदेश कोषाध्यक्ष अर्चना राय द्वारा सिवनी में आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय महिला महासचिव आशा राय और प्रदेश संरक्षिका रेखा चौकसे, अध्यक्ष मीना शिवहरे, महासचिव बिंदु मालवीय, कोषाध्यक्ष अर्चना राय, सिवनी जिला संरक्षक रजनी मुनमुन राय की उपस्थिति में बालाघाट, दमोह, नैनपुर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बीना, बैतूल और भी जगह से बहनें आईं। 20 महिलाएं लाइफ मेंबर बनीं। राधाकृष्ण संग होली और बालाघाट महिला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अर्चना राय के जन्मदिन का केक काटा। सभी बहनों का सम्मान किया। उसके बाद सिवनी जिले की टीम का गठन किया, जिसमें पुनः अर्चना राय को जिला अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद जिले और प्रदेश महिला का शपथ ग्रहण राष्ट्रीय महिला महासचिव, आशा राय, प्रदेश संरक्षिका, रेखा चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष, मीना शिवहरे द्वारा कराया गया।



# कूनों की सरहदों के बाहर भी चलेगा अब चीता जागरूकता अभियान

**श्योपुर।** कूनो वनमंडल द्वारा अब कूनों की सरहदों से लगे ग्रामों के अलावा व्यापक स्तर पर चीता जागरूकता अभियान 25 मार्च से शुरू किया गया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक सिंह परियोजना शिवपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में कूनों प्रशासन के साथ काम करने वाले दो एनजीओ कॉर्बेट फाउंडेशन और लास्ट वाइल्डरनेस फाउंडेशन को भी जोडा गया है। उन्होने जानकारी दी कि गत 24 मार्च को सुबह के करीब 9 बजे ज्वाला और उसके चार शावकों ने कूनो वन्यजीव वनमंडल की सीमा से 6 से 7 किलोमीटर दूर खेतों से लगे बेहरापुरा गांव की सरहद में एक मवेशी के बछड़े का शिकार करने की कोशिश की। यह देखकर वहां जमा हुए कुछ लोगों ने शोर मचाया, रेत फेंकी और बछड़े को बचाने के लिए हंगामा किया। मौके पर मौजूद निगरानी दल ने आगे कोई घटना न हो, इसके लिए प्रयास किया और चीतों को बछड़े से अलग करने का भी प्रयास किया। शोरगुल के चलते चीते जंगल में चले गए, जहां निगरानी दल फिलहाल उन पर नजर रख रहा है। पांचों चीते पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित हैं।

घटना के बाद निगरानी दल और कूनो वन्यजीव वनमंडल तथा सामान्य वनमंडल श्योपुर के फील्ड स्टाफ ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत की और उन्हें चीतों की सुरक्षा का महत्व समझाया तथा चीतों के व्यवहार के बारे में जागरूक किया। इसी क्रम में अब व्यापक स्तर पर चीता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो अब कुनो वन्यजीव वनमंडल की सीमाओं से आगे बढ़कर सामान्य वनमंडल श्योपुर के गांवों में भी शुरू किया जायेगा।

## गांव के आसपास चीता दिखाई दे या आ जायें तो क्या करें, क्या न करें

### चीतों की सुरक्षा के संबंध में एडवाईजरी जारी

**श्योपुर।** कूनो वन्यप्राणी मंडल के डीएफओ श्री आर थिरूकुरल ने चीतो के आबादी क्षेत्र में आने की घटनाओ के संबंध में एडवाईजरी जारी की है कि गांव के आसपास चीता दिखाई दे या आ जायें तो क्या करें और क्या न करें। इस संबंध में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचना दें तथा अपने गांव में संबंधित चीता मित्र से संपर्क करें। चीता दिखाई देने पर संयम बनाये रखे, चीता इंसानो के लिए खतरा नही है। ग्रामवासियों को चीते से दूरी बनाये रखने के लिए समझाये तथा अपने छोटे बच्चों एवं मवेशियों को घर के अंदर ही रखें। ऐसी स्थिति में चीते को सुरक्षित रास्ता दें, वह स्वयं ही गांव से दूर चला जायेगा। यदि चीता मवेशी पर हमला करने का प्रयास करता है तो तेज आवाज कर उसे दूर भगाने का प्रयास करें। यदि चीता किसी मवेशी को मार देता है तो मुआवजे का प्रावधान है। मुआवजा प्राप्त करने के लिए नजदीकी वन अधिकारी से तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

क्या न करें के संबंध में कहा गया है कि अकेले जंगल में न जायें, चीतो को डराने या लाठी डंडे से मारने का प्रयास न करें। रात में खेतो में अनावश्यक अकेले न रूकें, न सोये, अनावश्यक भीड न लगाये। चीते को जाल या फंदा लगाकर पकडने का प्रयास न करें। यदि चीता नजदीक है तो भागने, दौडने का प्रयास न करें। चीता मांसाहारी वन्यजीव है, इसके फोटो, वीडियों बनाने के लिए इसके नजदीक न जायें। यदि चीता किसी मवेशी को मार देता है तो चीते को प्रतिशोध में मारने का प्रयास न करें।

कूनो वनमंडलाधिकारी श्री आर थिरूकुरल ने बताया कि चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में खुले वन क्षेत्र में छोडे गये है, जो कभी-कभी वन क्षेत्र के बाहर आ जाते है। प्रत्येक चीते के साथ कूनो की ट्रेकिंग टीम रहती है, जो चीतो के मूवमेंट को ट्रेक करती है एवं उसके समीप रहती है। चीते के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र के अधीनस्थ स्टॉफ को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के स्टॉफ अथवा ट्रेकिंग टीम को आवश्यक सहयोग करने के लिए निर्देशित किये जाने की अपेक्षा की गई है।

इस संबंध में कोई भी आवश्यकता पडने पर वनमंडलाधिकारी कूनो वन मंडल के मोबाइल नंबर 7803947600, एसडीओ वन कूनो दक्षिण पोहरी मोबाइल नंबर 9953122156 अथवा एसडीओ वन कूनो उत्तर विजयपुर के मोबाइल नंबर 8839364852 पर तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

# खेतों में नरवाई न जलाएं, नरवाई जलाने से होते है हानिकारक प्रभाव

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्योपुर जिले के किसानों से अपील की है कि खेतो में नरवाई न जलाएं। नरवाई जलाने से हानिकारक प्रभाव होते है तथा कभी-कभी आग लगने की बडी घटनाएं भी हो जाती है, जो कई प्रकार से हानिकारण हो सकती है। इसलिए गेहूं की कटाई के समय कंबाई हॉर्वेस्टर में स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रॉ मैनेजमेंट का उपयोग करते हुए कटाई कराई जाये, इससे पशुचारे के लिए भूसा प्राप्त होगा और किसानों को अतिरिक्त आय भी मिलेगी। जिले में गेहूं की पराली, नरवाई प्रबंधन एवं पराली जलाने की घटनाओं के नियंत्रण हेतु कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है।

उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरिया ने बताया कि गेहूं की नरवाई मे आग लगाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है तथा लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते है। इसलिए गेहूं की कटाई हार्वेस्टर से करने पर हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाये। जिससे गेहूं का भूसा बन सके तथा किसान भाई बचे हुए डंठलों को स्ट्रॉरीपर मशीन से भी भूसा बना सकते है। एक ट्रॉली भूसा बनाने पर लगभग 2000 रूपये प्रति ट्रॉली भूसे से अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है।

जिसका उपयोग किसान भाई अपने पालतू मवेशियों के लिए तथा बचे हुए भूसे को जिले में संचालित गौशालाओं, अन्य किसानों एवं व्यापारियो को बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। जिन कृषकों को स्ट्रॉरीपर मशीन की आवश्यकता है, वह कृषि अभियांत्रिकी के ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर पंजीयन करा सकते है। स्ट्रॉरीपर की कीमत 03 लाख रूपये है जिस पर 50 प्रतिशत का अनुदान है।

# पेयजल समस्याओं के निराकरण हेतु कन्ट्रोलरुम स्थापित

## सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक दे सकते है सूचना

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार पीएचई विभाग श्योपुर द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु कन्ट्रोलरूम स्थापित किये गये है। कार्यपालन यंत्री श्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम में प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा खण्ड स्तरीय कन्ट्रोलरूम में नियुक्त कर्मचारियों एवं उपयंत्रियों को सूचना प्रदान की जा सकती है।

पीएचई कार्यालय स्थित जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम श्योपुर में सहायक ग्रेड-3 श्री विशाल शर्मा को मो.न. 9131808462 प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक, हैंडपम्प टेक्निशियन श्री महावीर कौल मो.न. 9770787298 प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक, हैंडपम्प हेल्पर श्री रामदयाल टैगोर मो.न. 9753287281 दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, इन्हें उक्त मोबाइल नंबर पर भी सूचना प्रदान की जा सकती है। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उप खण्ड श्योपुर के लिए गठित खण्ड स्तरीय कन्ट्रोलरूम के प्रभारी सहायक यंत्री श्री ओपी नागर मो.न. 6265429914 रहेंगे। उपयंत्री श्री मनीष भास्कर को मो.न. 7987099228 पर कराहल तहसील अंतर्गत पेयजल समस्याओं के संबंध में जानकारी अथवा सूचना दी जा सकती है। श्री राजेन्द्र त्रिपाठी मो.न. 9893792262 जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में उपस्थित रहकर शिकायते प्राप्त करेंगे। उपयंत्री श्री विजय कुमार प्रजापति मो.न. 9410633887 को श्योपुर एवं बडौदा तहसील अंतर्गत पेयजल समस्याओं के बारे में अवगत कराया जा सकता है। हैंडपम्प मैकेनिक श्री हेंमत जाधव मो.न. 9644346459 जनपद पंचायत कार्यालय श्योपुर में उपस्थित रहकर हैंडपम्प एवं पेयजल समस्याओं से संबंधित शिकायते प्राप्त करेंगे।

इसके साथ ही विजयपुर उपखण्ड के लिए सहायक यंत्री श्री आरपीएस सेंगर मो.न. 9977643280 को प्रभारी बनाया गया है। उपयंत्री श्री देवेन्द्र मित्तल को मो.न. 8305940363 पर तहसील क्षेत्र विजयपुर अंतर्गत पेयजल समस्याओं से अवगत कराया ज सकता है। हैंडपम्प टेक्निशियन श्री बाईसराम धाकड मो.न. 9753675535 जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में उपस्थित रहकर शिकायते प्राप्त करेंगे। उपयंत्री श्री वीरेन्द्र राठौर मो.न. 7828066069 एवं हैंडपम्प टेक्निशियन श्री कुलदीप बंसल मो.न. 9009961128 को वीरपुर तहसील क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में सूचना अथवा जानकारी दी जा सकती है।

....शेष पृष्ठ एक का

# एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सभी जरुरतमंदों के लिए निःशुल्कः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

अलग से विभाजित कर उनके इलाज के लिये प्रबंधन, आकड़ा तैयार करना एवं इलाज के लिये मार्गदर्शन देना बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार में से 3 हजार 381 गंभीर मरीजों को स्क्रीनिंग कर अलग करना एवं उनकी बीमारी के हिसाब से उनका इलाज करवाना बड़ी प्रशंसा की बात है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में हॉस्पीटल दो भागों में विभाजित होते थे, जिससे उनके प्रबंधन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। परन्तु हमने सभी प्रकार के हॉस्पीटलों के लिये एक मंत्री को शपथ दिलवाई, जिससे इसका संचालन आसान हो गया है। हमारे सदैव कोशिश है कि अच्छे मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल और अच्छे हों एवं प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नाम अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख तक का इलाज जनता को मुफ्त मिलता है एवं 70 प्लस के लिये भी यह सुविधा उपलब्ध है। इसी के तहत प्रदेश की कठिन भौगोलिकता को देखते हुये आयुष्मान कार्ड के तहत गंभीर बीमारी के मरीज को त्वरित इलाज मिले, एवं उसकी जान बचाई जा सके, इसलिये हमने एयर एम्बूलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है।

**स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री द्वारा शिविर में आये चिकित्सकों का किया गया सम्मान**

स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिविर में आये चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिनमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. युगल मिश्रा नंदियाल, सीनियर प्रोफेसर एम्स दिल्ली डॉ. मीनू बाजपेयी, पदमश्री सम्मानित डॉ. निशित नायर, जबलपुर के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर धीरावनी शामिल थे।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि राज्य शासन जिले के प्रशासन एवं रोटरी क्लब की मदद से यह वृहद शिविर का आयोजन किया गया। पुराने समय से अंचल में स्वास्थ्य सुविधायें इतनी अच्छी नहीं थी। मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड जिले को मिलाकर जहां 100 बिस्तरों की उपलब्धता थी वहां आज 600 बिस्तर का अस्पताल मौजूद है।

अम्बाह, मुरैना में सीटी स्केन, एमआरआई जैसी महत्वपूर्ण सुविधायें उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा से कोशिश रही है कि मुरैना जिले में लोगों को गंभीर बीमारियों का इलाज उपलब्ध हो सके, यदि आवश्यकता पड़ती है तो बाहर ले जाने की भी सभी सुविधायें उनको उपलब्ध हो। परंतु गरीबी एवं पिछड़ेपन के कारण रोगी बाहर जाने में असमर्थ रहते है। इसी के चलते 2017 में भी जिला प्रशासन की मदद से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था एवं नेत्र शिविर लगाया गया था। उसी की तर्ज पर आज मुरैना में रोटरी की सहायता से इस वृहद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुझे आशा है कि शासन, प्रशासन की मदद से ये शिविर सफल होगा।

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि माहेश्वरी परिवार द्वारा मोहनप्यारी देवी जी की स्मृति में इस शिविर का आयोजन किया गया है। अभी तक इस मिशन के चलते सेवा भाव से हम 40 हजार से ज्यादा सर्जरी एवं लाखों ओपीडी की सेवायें दे चुके हैं। जहां भी रोटरी मिशन का आयोजन किया जाता है, वहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस मिशन से स्वास्थ्य सुविधा मिले, यह सुनिश्चित किया जाता है। आगे भी महिलाओं में सर्विकल एवं ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज हम निःशुल्क करवा सकें, ऐसी हमारी कोशिश रहेगी। मुरैना में आयोजित इस शिविर में देश एवं विदेश के बड़े नामी डॉक्टर मौजूद है। सभी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठायें एवं इस अभियान को सफ्ल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**शिविर में मिलेंगी इन चिकित्सकों की सेवायें**

शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जन डॉ. नरेश त्रैहान मेदान्ता हॉस्पीटल से अपनी टीम से साथ एवं नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट के डॉ. ओ.पी. यादव, डॉ नितिश शाह ऑल इंडिया मेडीकल इंस्टिट्यूट साइंस, एवं मैक्स एवं मनीपाल हॉस्पीटल के कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाऐ देगे। अन्य विशेषज्ञो में ऑक्नोलॉजिस्ट, हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश भूरानी रहेगें, अस्तिरोग में ऐम्स दिल्ली से डॉ. विवेक शंकर एवं नितिश नायक, डॉ. प्रकाश कोतवाल रहेगें। पेन के डॉ. नीरज जैन मैक्स दिल्ली से आकर सेवाऐं देगें। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. मीनू वाजपेयी रेन्बो हॉस्पीटल दिल्ली से आ रही हैं। कामता शाह मुम्बई नानावटी हॉस्पीटल से, बच्चों मे हर्निया, हाइपोस्पेडियास एवं सभी बच्चों की आवश्यक सर्जरी करेगी। कीडनी विशेषज्ञ डॉ. रावत गंगाराम हॉस्पीटल से, डॉ. एस.बी बंसल, मेदान्ता हॉस्पीटल से तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जन, गालब्लेडर, हर्निया, लेप्रोस्कोपिक पद्दति से डॉ. मुकुन्द खेतान एवं चंडीगण से डॉ. परमार एवं उनकी टीम द्वारा किये जाऐगें। वेरियेटिक सर्जन इंदौर के डॉ. मोहक भांडरी पेट के मोटे पन की वेरियेटिक सर्जरी करेंगे। दिल्ली मैक्स हॉस्पीटल, गंगाराम हॉस्पीटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ, बच्चेदानी के ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का कार्य सभालेगें। दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पीटल की टीम द्वारा तथा एम्स भोपाल, एम्स दिल्ली, अरविन्दों हॉस्पीटल इंदौर एवं चंडीगण हॉस्पीटल के विश्व प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं सर्जरी का कार्य 26 मार्च से लेकर 02 अप्रैल तक किया जाएगा।

**वंचित लोग 26 मार्च से 02 अप्रैल तक करा सकेंगे पंजीयन**

रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन राहत 2 वृहद स्वास्थ्य शिविर मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक लगेगा। शिविर में ओपीडी, खून की जाँच, बीपी शुगर, ईसीजी, आयुष्मान का कान्उटर एवं दवा वितरण की जायेगी। शिविर में कार्डियोलॉजी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिशिन, न्यूरोसर्जरी, फिजियोथेरेपी अन्य वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाये देगें। ऑनलाईन मरीजो के पंजीयन किये जा रहे है। जो बंचित लोग 26 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक एसएएफपरेड ग्राउड में पंजीयन कराकर डॉक्टर से परामर्श ले सकते है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ग्वालियर अशोक यादव, मुरैना-श्योपुर के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डण्डोतिया, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना, चंबल कमिश्नर मनोज खत्री, डीआईजी कुमार सौरभ, कलेक्टर अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल, डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल सहित दिल्ली, हरियाणा, ग्वालियर, इंदौर से आये डॉक्टर्स और रोटरी मेडिकल मिशन में सहयोग कर रहे समस्त अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्याओं में चंबल एवं ग्वालियर संभाग से स्वास्थ्य लाभ लेने आये लोग उपस्थित थे।




।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। भगवान श्री सहस्त्रार्जुनाय नमः ।।
कलचुरि कलार महासभा, ग्वालियर
कलचुरि महिला मण्डल, ग्वालियर
सामूहिक विवाह सम्मेलन
समस्त समाज बन्धुओं को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि कलचुरि कलार महासभा, ग्वालियर ने सामुहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया है। जिसमें 51 जोड़ों का विवाह किया जाना तय है। समस्त समाज बन्धुओं से निवेदन है जो अपने पुत्र एवं पुत्री का विवाह सम्मेलन से करना चाहते हैं वह अपने-अपने फार्म समिति के पास जमा करने का कष्ट करें।
मुख्य संरक्षक:
सेठ नरेश गुप्ता जी
सेठ लक्ष्मी नारायण जी शिवहरे
सेठ रामस्वरूप जी शिवहरे (लल्ला)
कार्यक्रम:
दिनांक : 30 अप्रैल 2025, बुधवार
समय : प्रातः 10:00 बजे से
स्थान : फूलबाग मैदान, ग्वालियर
संरक्षक: सर्वश्री प्रेम नारायण गुप्ता (एडवोकेट), आर.एन.गुप्ता, अशोक शिवहरे (IAS), दिनेश जायसवाल, जयपाल सिंह महाजन, श्री जमुना प्रसाद महाजन, मदन पवैया, निरंजन सिंह राय,आनन्द प्रकाश गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, होतम शिवहरे, पूरन शिवहरे, भगवान दास गुप्ता, शिवदयाल पवैया यादराम शिवहरे, रामजीलाल शिवहरे (तानसेन नगर), रमेश चंद्र शिवहरे , बाबूलाल राय, शिवरंजन गुप्ता, ओम नारायण शिवहरे, हरिशंकर शिवहरे, कमल जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, हरीबाबू शिवहरे, जगदीश शिवहरे (जौरा), जगदीश शिवहरे (परेड), भगवती प्रसाद जायसवाल, हरिनाराण जायसवाल, चन्द्रप्रकाश शिवहरे, मूलचंद्र शिवहरे, रमेशचंद्र शिवहरे (चना कठोर), बच्चनवाल शिवहरे, किशोरलाल राय, देवीचरण राय, लोकमन सिंह राय, सीताराम राय एवं समस्त वरिष्ठ समाज बन्धुगण
अध्यक्ष: सुरेश चन्द्र शिवहरे मोबा: 9826296595
कार्यकारी अध्यक्ष: वेद प्रकाश शिवहरे मोबा: 9425115799
कार्यकारी अध्यक्ष: देवेन्द्र पवैया मोबा: 9826272626
महासचिव: रघुवीर राय मोबा: 9826187408
फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025
फॉर्म प्राप्त एवं जमा करने का स्थान
श्री रघुवीर राय, पी.एच.ई. कॉलोनी, मोतीझील, ग्वालियर, मोबाइल 98261-87408
श्री रामस्वरूप जायसवाल, एस.एन.बेलवेट हाउस, मोची ओली, दयानंद मार्ग, लश्कर, ग्वालियर, मोबाइल 96917-57863
होटल महिमा, रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर 4 के पास, ग्वालियर मोबाइल 98263-47357
सिटी पैलेस होटल, संजय कॉम्पलेक्स जयेन्द्रगंज, लश्कर, ग्वालियर, मोबाइल 98262-72626
निवेदक:- दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# अनाधिकृत रूप से हो रहा था गर्भपात

## - स्मार्ट सिटी हॉस्पीटल एण्ड मल्टीस्पेशिलिटी ट्रामा सेन्टर नर्सिंग होम को किया सीलबन्द

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी हॉस्पीटल एण्ड मल्टीस्पेशिलिटी ट्रामा सेन्टर बिना पंजीयन के संचालित हो रहा था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव को बुधवार को प्रातः 7:03 पर दूरभाष के माध्यम से मुखबिर द्वारा सूचना आयी कि गुढ़ा गुढ़ी के नाका, कम्पू में संचालित स्मार्ट सिटी हॉस्पीटल एण्ड मल्टीस्पेशिलिटी ट्रामा सेन्टर में गर्भपात किया जा रहा है। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कलेक्टर को सूचित कर अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर अस्पताल पर निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार तत्काल टीम गठित की गयी।

टीम में डॉ. बिन्दु सिंघल एम.डी.मेडिसिन सिविल अस्पताल हजीरा, डॉ. विजय पाठक जिला क्षय अधिकारी, डॉ. प्रबल प्रताप सिंह डी.एच.ओ.-2 एवं पीसीपीएनडीटी नोडल दीपेन्द्र सिंह तोमर नर्सिंग होम शाखा प्रभारी, संजय जोशी एमटीपी पीसीपीएनडीटी शाखा प्रभारी शामिल थे। टीम तत्काल स्मार्ट सिटी हॉस्पीटल मल्टीस्पेशिलिटी एण्ड ट्रामा सेन्टर पहुंची और मौके पर मरीज निवासी गोल पहाड़िया थी जिनका गर्भपात हुआ था। जांच दल द्वारा महिला मरीज का कथन लिया। उन्होंने बताया कि मेरी दो बच्चियां पहले से है और तीसरी बच्चा नहीं चाहिऐ। उन्होंने निजी अल्ट्रासाउण्ड सोनोग्राफी सेन्टर पर दो-तीन दिन पहले अल्ट्रासाउण्ड कराया गया है। ब्लीडिंग होने पर 25 मार्च 2025 को लगभग




रात्रि 10 बजे भर्ती हुई। उक्त मरीज को रात्रि में ही डॉ. नेहा नागौरी ने देखा एवं भर्ती किया गया व आवश्यकतानुसार दवाईयां दी गयी। मरीज के कथन के समय उनकी सांस मौके पर मौजूद थी एवं उनके भी कथन लिये गये। कथन के दौरान मरीज व उनकी सांस वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गयी है। मौके पर डॉ. नेहा नागौरी के कथन लिये गये, जिसमें उन्होंने बताया कि वह जिला मुरैना में बामौर में शासकीय चिकित्सक के रूप में पदस्थ है। संबंधित चिकित्सक दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक मरीज देखती है एवं कभी-कभी ऑपरेशन डिलेवरी संबंधी चिकित्सकीय कार्य भी करती है। मरीज को डॉ. नेहा नागौरी के द्वारा देखा गया एवं ईलाज किया जाकर उनकी उपस्थिति में ही गर्भपात किया गया है। कार्यालयीन रिकॉर्ड के अनुसार उक्त अस्पताल का पंजीयन 31 मार्च 2024 को समाप्त हो गया था जिसके उपरांत भी अस्पताल का संचालन भी किया जा रहा था। अस्पताल पूर्वानुसार सुदीप नागौरी के नाम से पंजीकृत होना पाया गया है। अस्पताल के बोर्ड पर डॉ.शैलेन्द्र नागौर, डॉ. गायत्री नागौरी, डॉ. नेहा नागौरी एवं संचालक डॉ.सुदीप नागौरी अंकित थे।

मौके पर डॉ. गायत्री नागौरी के कथन के द्वारा बताया गया कि वह भी ऑनकॉल चिकित्सकीय सेवायें देती है। मौके पर ही अध्ययनरत नर्सिंग स्टाफ श्रीमती किरन कश्यप के कथन के द्वारा बताया गया कि वो तृतीय वर्ष की अध्ययनरत छात्रा है एवं अस्पताल में तीन वर्षो से नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्य कर रही है। संबंधित हावर्ड नर्सिंग कॉलेज ग्वालियर से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। श्रीमती किरन ने बताया कि अस्पताल में प्रति दिवस दो से तीन डिलेवरी रोज की जाती है एवं सीजर भी किये जाते है जो कि डॉ. नेहा नागौरी के द्वारा किये जाते है और मैं उनको असिस्ट करती है। मौके पर जॉच करने पर मरीजों की केसशीट भी अपूर्ण व अव्यवस्थित रूप से पायी गयी। उसमें से मरीज की केसशीट मिलाकर दो अन्य केसशीट रिकॉर्ड में जप्त की गयी है। इसके अतिरिक्त अन्य रिकॉर्ड केमरा की डीवीआर के साथ-साथ अन्य रिकॉर्ड जप्त किया गया है। टीम ने भ्रूण के संबंध में जानकारी चाही गयी, तो उनकी सांस के द्वारा बताया गया, कि भ्रूण को मरीज के पति लेकर निकल गये है। जिस पर सांस के फ़ोन से मरीज के पति को फ़ोन लगाया, तो बताया गया कि वह भ्रूण को नूराबाद लेकर निकल गया है उसे भ्रूण के साथ वापस आने के लिये कहा गया। लेकिन वह वापस नहीं आया। अन्त में मरीज की सांस के द्वारा बताया गया, कि भ्रूण को नूराबाद में विसर्जित कर दिया गया है। अन्त में मरीज की मर्जी एवं चिकित्सक डॉ.नेहा नागौरी ने परीक्षण किया तथा मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा एम्बूलेंस की व्यवस्था की गयी थी। इस सम्पूर्ण कार्यवाही श्रीमान कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार निगरानी में की जा रही थी तथा डॉ.सचिन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ग्वालियर के द्वारा भी जॉच के दौरान अस्पताल का निरीक्षण किया गया। अनियमितता व पंजीयन न होने के कारण अस्पताल को आगामी आदेश निर्णय होने तक सीलबन्द किया गया। संबंधित अस्पताल व चिकित्सकोंध्स्टाफ के विरूद्ध जांच एवं वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# कलेक्टर ने पुस्तक मेले का निरीक्षण किया, देर से दुकान खोलने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**ग्वालियर।** पुस्तक मेले में जो दुकानदार निर्धारित समय पर अपनी दुकान नहीं खोलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। देर से दुकान खोलने पर यह माना जायेगा कि दुकानदार अभिभावकों से किताबों व स्टेशनरी इत्यादि की अधिक कीमत लेना चाहते हैं। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को पुस्तक मेले के निरीक्षण के दौरान संबंधित दुकानदारों को आगाह करते हुए कही।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कुछ दुकानदारों द्वारा देरी से दुकानें खोले जाने की शिकायत मिलने पर पुस्तक मेले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने देरी से खुली दुकानों पर पहुँचकर दुकान संचालकों को आगाह किया कि आगे से ऐसी स्थिति न बने अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। शहर में जहां पर भी दुकान संचालित है वहाँ पर छापामार कार्रवाई कराई जायेगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी दुकान पर डिस्काउंट (छूट) की सूची अनिवार्यतरू प्रदर्शित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्धारित डिस्काउंट न देने वाले पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। बुधवार को भी पुस्तक मेले में अच्छी रौनक रही। पुस्तक मेले में दुकानदारों ने किताबों, स्टेशनरी व ड्रेस पर छूट और बढ़ा दी है। यह जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के



साथ मेले में खरीददारी करने पहुँचे। पुस्तक मेले में बाजार में मिलने वाले सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा किताबों पर 10 प्रतिशत तक, स्टेशनरी पर 15 से 20 प्रतिशत एवं यूनीफॉर्म पर 30 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है।

ज्ञात हो अभिभावकों को उनके बच्चों के लिये सस्ती दर पर किताबें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म दिलाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा मेला स्थित शिल्प बाजार में सात दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया है। यह पुस्तक मेला 29 मार्च तक चलेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पुस्तक मेले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जरूरतमंद बच्चों को निरूशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिये स्थापित किए गए बुक बैंक सेक्टर का भी जायजा लिया। इस सेक्टर में कक्षावार पुस्तकें दान में प्राप्त करने के लिये काउण्टर बनाए गए हैं। जिनमें जिले के अभिभावक उत्साहपूर्वक अपने बच्चों के पिछली कक्षाओं की किताबें दान देने आ रहे हैं।

## पुस्तक मेले में 4478 अभिभावकों ने खरीदी पाठ्य सामग्री

मेला स्थित शिल्प बाजार में आयोजित हो रहे पुस्तक मेले में अब तक 4 हजार 478 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म खरीदी जा चुकी हैं। गत 22 मार्च को शुरू हुए सात दिवसीय पुस्तक मेले में हर दिन बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के लिये पाठ्य सामग्री खरीदने पहुँच रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार ने बताया कि पुस्तक मेले में पहले दिन 303 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 175 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 32 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 510 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। इसी तरह मेले के दूसरे दिन 620 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 562 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 157 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1359 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। पुस्तक मेले में तीसरे दिन 525 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 556 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 125 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1206 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। चौथे दिन 694 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 583 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 146 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1423 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। इस प्रकार 22 मार्च से 25 मार्च तक 4 हजार 478 अभिभावक अपने बच्चों को पाठ्य सामग्री पुस्तक मेले से दिला चुके हैं।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने कायस्थ छात्रावास पर होली मिलन समारोह मनाया। गीत संगीत के बीच फूलों की होली के साथ समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष देवशरण श्रीवास्तव ने होली मिलन समारोह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी होली मिलन समारोह चित्रांश बंधुओं के बीच मनाया गया। जिसमें समाज के सभी जनों ने बढ़ चढकर सहभागिता निभाई। गीत संगीत के साथ शुरू हुए समारोह में सभी ने नाच गाकर आनंद लिया



एवं समारोह का समापन फूलों की होली के साथ हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठ जनों का अंगबस्त्र ओढ़ाकर, स्नेह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इसी के साथ समाज में उत्कृष्ट प्रतिभाओं में कनक श्रीवास्तव ( बुलबुल) को उनकी अच्छी रील्स के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूरन कुलश्रेष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता, महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिला अभय चौधरी, नारायण स्वरूप कुलश्रेष्ठ, अरुण कुलश्रेष्ठ, राजेश्वर राव, अशोक निगम, टी एस सक्सेना उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवशरण श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त जी की आरती संपूर्ण समाज के द्वारा की गई। आभार व्यक्त अमित सक्सेना ने किया।

# सभी अधिकारी गंभीरता से सम्पत्तिकर वसूली के लक्ष्य की पूर्ति करें: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में पांच दिन शेष हैं सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से सम्पत्तिकर की वसूली कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें, जो कर संग्रहक वसूली में अभी भी लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे 20 प्रतिशत से भी कम वसूली करने वाले कर संग्रहकों को निलंबित किया जाए तथा 30 प्रतिशत तक वसूली करने वाले कर संग्रहकों के वेतन आहरण पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही अन्य कम वसूली करने वालों का इंक्रीमेंट रोका जाए। यह निर्देश निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बुधवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त संघ प्रिय ने मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि मार्च महीने में सात दिवस से अधिक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मियों की सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव दें तथा जो अन्य सफाई कर्मी



लापरवाह है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसके साथ ही अनुपस्थित रहने वाले प्रत्येक सफाई कर्मी को नोटिस जारी करें तथा उसका रिकॉर्ड मेंटेन करें। बैठक में निगमायुकत ने निर्देश दिए कि कई कचरा ट्रांसफर स्टेशन कई दिनों तक खराब रहते हैं संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कचरा ट्रांसफर स्टेशन सही रहें उन पर लगातार कार्य हो। भवन अनुज्ञा के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए सिटी प्लानर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि भवन अनुज्ञा के प्रकरण निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक लंबित न रहें। उन्हें निर्धारित समय सीमा में ही निराकृत करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने पिछले माह की सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर कार्यवाही नहीं होती है तो एल-2 पर कार्यवाही की जाएगी तथा यह भी निर्देश दिए कि एल-1 अधिकारी एवं एल-2 अधिकारी बिना अनुमति के बदले न जाऐं।

समग्र आईडी की ई केवाईसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निगमायुक्त संघ प्रिय ने कहा कि ई केवाईसी के कार्य में कोई प्रगति नहीं आ रही है तथा इसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा लापरवाही की जा रही है। इसे सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें तथा आगामी बैठक में इसमें प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त सुनील चौहान, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# समर नाइट मेला में विलंब से मेला व्यापारी नाराज, ज्ञापन सौंपा

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्थानीय सांसद, प्रभारी मंत्री, एमएसएमई मंत्री को ज्ञापन भेंटकर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी मई जून माह में मेला परिसर में समर नाइट मेला लगाने का आग्रह किया है। मेला व्यापारी संघ ने कहा कि समर नाइट मेला के आयोजन में जो भी व्यवधान हैं, उन्हें तत्काल दूर कर समर नाइट मेला के आयोजन का पथ प्रशस्त किया जाए।

श्रीमंत ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, संयुक्त अध्यक्ष व प्रवक्ता अनिल पुनियानी, संयोजक उमेश उप्पल, सहसंयुक्त अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय कल्ली पंडित, कार्य. अध्यक्ष अनुज सिंह गुर्जर ने ज्ञापन पत्र में कहा है कि ग्वालियर मेले में लगने वाला समर नाइट मेला इस बार अधर में लटकता दिख रहा है। मई-जून में लगने वाले समर नाइट मेले की अभी तक कोई तैयारी नहीं है। इसकी वजह से ग्रीष्मकालीन मेला में दुकानें, झूले व स्टाल लगाने के लिए तैयारी किए बैठे दुकानदार असमंजस में फंसे हुए हैं। समर नाइट मेले का शिडयूल प्रोग्राम अविलंब घोषित कर दुकानें आवंटित की जाएं एवं इस 60 दिवसीय समर



नाइट मेले की शुरुआत की जाए। मेले में हैंडी क्राफ्ट एंड आर्ट, खादी सहित अन्य फेब्रिक और फर्नीचर की ज्यादा दुकानें लगाई जाएं। साथ ही एंटरटेनमेंट जोन भी बनाया जाए। इस जोन में विभिन्न आकर्षक वैरायटी के झूले और फूड जोन भी शामिल रहे। यह समर नाइट मेला शाम 5 से रात 11 बजे तक सैलानियों के लिए ओपन रखा जाए। इसके अलावा मेला प्राधिकरण की ओर से समर नाइट मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाए। इनमें डांस, सिंगिंग, नाटक सहित विभिन्न एक्टिविटी हो सकती हैं।

मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया ने इस बात पर चिंता जताई कि इस वर्ष का ग्वालियर मेला खत्म हो चुका है, लेकिन अभी भी गरीबों के मेले के नाम पर कई ठेले वाले व पटरी दुकानदार मेला की सड़कों पर फड़ जमाकर दुकानें सजाए बैठे हैं। इन लोगों से मेला तत्काल खाली कराया जाए, ताकि समर नाइट मेला आयोजित हो सकें। पदाधिकारियों ने कहा है कि मेला में अभी तक प्राधिकरण बोर्ड का गठन नहीं किया गया है। प्राधिकरण बोर्ड गठित कर उसमें मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में अरुण कैन, महेन्द्र बैस, राजेंद्र भदौरिया, संतोष उपाध्याय, सुनील शर्मा, कमल राठौर, रुपेश कैन, सुरेश हरियाणवी, हरिकांत समाधिया, ललित अग्रवाल, बब्बन सेगर, गोविंद गुप्ता, राकेश जैन, रामू ब्रिज ज्ञानी खिलौने वाले, कमल सिंह, राम सॉफ्टी वाले, राहुल चौहान, अचल भदकारिया, हेमंत टुन्डेलकर एवं समस्त मेला व्यापारीगण शामिल थे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिये कोई कमी नहीं छोड़ेंगे: निगमायुक्त संघ प्रिय



**ग्वालियर।** ग्वालियर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल सूची में लाने के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। हम टीम भावना से कार्य कर रहे हैं और ग्वालियर को स्वच्छ बनाये रखने के लिये सभी नगरवासियों का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये हर गली मौहल्ले व कालोनियों में हमारी टीमें पूरी तन्मयता से लगी हैं। मुझे उम्मीद है कि हम इस बार टाप फाइव की सूची में आ सकेंगे। यह बात बुधवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय कही। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में तो सभी मिलकर प्रयास कर रहे हैं वैसे भी ग्वालियर नगर में नगर निगम की टीमें नियमित रूप से शहर को स्वच्छ रखने के अभियान में लगी रहती है, लेकिन अभी हम स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये टारगेट लेकर चल रहे हैं। संघ प्रिय ने कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ रखने में उस शहर के निवासियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती हैं और उन्हें खुशी है कि ग्वालियर में आम नागरिक शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं। इसी कारण अब शहर के स्वच्छता स्वरूप में भी बदलाव आया है। लोग डस्टबिन का उपयोग कर कचरे को अलग अलग श्रेणी में बांटकर कचरा संग्रहण वाहनों में डाल रहे हैं। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने कहा कि स्वच्छता को लेकर आम लोग जागरूक हुये हैं। इसी कारण उनके जीवनस्तर में सुधार हुआ है। वहीं स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। हम स्वच्छता से जुड़े मानकों को भी बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। निगम आयुक्त ने कहा कि ग्वालियर में सड़कों को भी डस्ट फ्री बनाना उनका लक्ष्य है और इस दिशा में उनकी टीम काम कर रही हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि ग्वालियर को भी इंदौर की तरह स्वच्छ शहर बनाने में अपनी भूमिका अदा करें।

# विप्रा संगनियों ने सुनाए भजन और टाइटल, किया डांस

**ग्वालियर।** विप्रा ब्राह्मण महिला मंच का स्नेह मिलन समारोह बाग वाले हनुमान मंदिर, सिरोल रोड पर किया गया। यहां सर्वप्रथम विप्रा संगनियों ने फिल्मी गीतों पर डांस किया, फिर भजन, कविता व शायरियों की प्रस्तुतियां दी। इसके बाद मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी, जिस पर संगनियों ने अपने अपने विचार रखे। सचिव डॉ. राजरानी शर्मा द्वारा सुंदर टाइटल भी लिखे गए। इस मौके पर राधा और कृष्ण की भूमिका शैलजा मिश्रा और नीतू उपमन्यु ने निभाई। आखिर में सेल्फी के संग फूलों की होली खेली।



संचालन मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में रश्मि त्रिपाठी, कृष्णा विश्राम शर्मा, सुधा दीक्षित, सीमा दुबे, नीतू उपमन्यु, रेनू उपमन्यु, कल्पना पाठक, रंजना गर्ग, संगीता शर्मा, मीना तिवारी, आभा शर्मा, सपना पाराशर, मंजू शर्मा, पल्लवी शर्मा, सुमन तिवारी, उषा शुक्ला, माला शर्मा, गीता शर्मा, रूपल शर्मा, श्रुति उपाध्याय, मुनमुन शुक्ला, लक्ष्मी शर्मा, पूनम सूरी, अर्चना शर्मा, शैलजा मिश्रा, विभा शुक्ला, किरण मिश्रा, रजनी शर्मा, भावना चतुर्वेदी, आभा शर्मा, प्रज्ञा कवीश्वर, श्रुति उपाध्याय आदि उपस्थित रहीं।

# आम आदमी मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान: विधायक डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। भाजपा सरकार मंहगाई और बेरोजगारी की बात क्यों नहीं करती हैं। आज पूरा प्रदेश भाजपा सरकार ने कर्ज में डूबो दिया है, विकास कार्य ठप पडे हैं। यह विचार कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कहीं।

बुधवार को 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के ब्लॉक इंदरगंज के वार्ड क्रमांक 57 में तोरण वाटिका चेतकपुरी रोड एवं वार्ड क्रमांक 58 में मुक्तानंद आश्रम हरिशंकरपुरम में सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास करती है और दूसरी पार्टी के लोग झूठ-फरेब एवं भ्रम फैलाने की राजनीति करते हैं। भाजपा के लोग सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का कार्य करते हैं, जाति-धर्म को बांटकर सियासी खेल खेलते हैं। भाजपा की यही हकीकत हम सबको जनता के बीच उजागर करने का काम करना है। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और लग्न से देश और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार आयेगी और जनता के लिये काम करेगी। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे,



पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, संदीप यादव, रामरतन यादव, श्रीमती ममता कटारे, श्रीमती ममता गुप्ता, मनीष अग्रवाल, सुनील कक्का, प्रदीप गर्ग, हिमांशु कीकन, अनिल शर्मा 'बिट्टू', प्रमोद जैन, सरनाम यादव, भरोसीलाल, किशन पाल, रशीद खान, शंकर चौरसिया, मुन्ना नामदेव, दर्शन लाल, धर्मवीर जाटव, दीपेन्द्र यादव, टिन्कू परिहार, ओमप्रकाश चौहान, रोहन रजक आदि मौजूद थे।

# राजस्व निरीक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ ग्वालियर के जिला



अध्यक्ष होतम सिंह यादव ने जिला कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए 10 पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। जिसमें नरेश उपाध्याय व दिनेश व्यास को संघ के संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया है। तो वहीं श्रीमती शबाना कुरैशी व अरविंद शर्मा को मध्य प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि राजकुमार बरैया को सचिव पद पर नियुक्त किया है और वही अंकित कटियार व पुष्पेंद्र कौरव को सह- सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।रामनाथ मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। तथा निलेश झा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

# प्रभु से बात करने के लिये मौन की जरूरत: राघव ऋषि

**ग्वालियर।** दुनिया से बात करने फोन की और प्रभु से बात करने मौन की जरूरत होती है। संसार को चाहने वाला बिखर जाता है भगवान को चाहने वाला निखर जाता है। छोटी सोच शंका को बड़ी सोच समाधान को जन्म देती है। सत्कर्म करो मनमाना आचरण मत करो,क्योंकि कर्म से ही जन्म और मृत्यु तय होती है। यह विचार राघव ऋषि ने माधव मंगलम गार्डन नदी गेट पर ऋषि सेवा समिति द्वारा आयोजित हो रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को व्यक्त किए। कथा संयोजक रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार की कथा में श्रीकृष्ण के बालसखा सुदामाजी से मिलन का भावपूर्ण प्रसंग रहेगा।

राघव ऋषि ने कहा कि मनुष्य जन्म भक्ति करने के लिए हुआ है और



गोवर्धन लीला भक्ति बढ़ाने वाली लीला है। गोवर्धन लीला से कृष्ण को विश्वास हो गया कृष्ण ही ईश्वर है। उन्होंने बताया कि भक्ति को बढ़ाने के लिए कुछ समय पवित्र स्थल पर जाकर महालक्ष्मी आराधना करो तभी वे हमारी रक्षा करेंगी, क्योंकि संसार गोवर्धन प्रभु के सहारे है। दुख में, विपत्ति में मात्र प्रभु का आश्रय लो सहारा लो। रासलीला को लेकर उन्होंने कहा कि जीव और प्रभु के मिलन और काम विजय की लीला है। रुकमणि विवाह का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि यदि समर्पण की भावना रहेगी तो रुक्मिणी रुपी भक्त का हरण तो भगवान ही करेंगे। महालक्ष्मी केवल भगवान नारायण की हैं जीव की नहीं अतः भगवान ने रुक्मिणी के साथ विवाह रचाया। इस मौके पर लाल टिपारा आदर्श गौशाला के ऋषभदेव आनंद महाराज ने कहा कि भंडारे का दसवां हिस्सा गौग्रास के लिए निकालें। ज्ञान ऐसा जो व्यवहार में दिखे। भगवान को जिस भाव से भजते हैं वो उसी भाव के अनुरूप फल देते हैं। भाव भार न बने। ईश्वर से प्रार्थना करें कि हम जप तप दान करते रहे।

## जीवाजी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय भवभूति समारोह आज से

**ग्वालियर।** कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर तथा भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में अभा भवभूति समारोह की शुरुआत आज 27 मार्च गुरूवार से जेयू के गालव सभागार में होगी। समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। समारोह में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, बनारस के वरिष्ठ संस्कृतविद प्रो. भगवत शरण शुक्ल और जेयू के कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य उपस्थित रहेंगे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सोमलता मौर्य पत्नी श्री अनिल मौर्य सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा नाम शादी से पूर्व सोमलता राना पुत्री श्री नंदकिशोर राना सभी दस्तावेजों में अंकित है। जबकि अब मेरी शादी अनिल मौर्य से हो जाने के कारण अब मेरा नाम श्रीमती सोमलता मौर्य पत्नी श्री अनिल मौर्य हो गया है। अतः शासकीय अशासकीय सभी प्रपत्र तथा दस्तावेजों में अब मेरा नाम सोमलता राना के स्थान पर श्रीमती सोमलता मौर्य लिखा एवं पढ़ा जाए। सर्वजन सूचित हो।

**श्रीमती सोमलता मौर्य पत्नी श्री अनिल मौर्य निवासी 360 मरीमाता महलगांव गिर्द ग्वालियर मध्य प्रदेश**



# धोनी-विराट का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना शानदार - संजय बांगड़

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का एक और बेहतरीन मुकाबला 28 मार्च को लीग की दो राइवल टीम चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। संजय बांगड़ ने बताया यह मुकाबला कई मायनो में खास होता है। मंगलवार को जियोस्टार एक्सपर्ट संजय बांगड़ ने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, मैं कहूंगा कि ष्टस्य पूरे देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली टीमों में से एक है। वहीं, ऋष्टक्क के पास अपना फैन बेस है। हमारे देश के क्रिकेट फैंस एमएस धोनी और विराट कोहली को एक्शन में देखना पसंद करते हैं। तो, उन दो खिलाड़ियों का एक - के खिलाफ खेलना अपने आप में एक शानदार मुकाबला बनाता है, जिसे देखना शानदार है।%



इम्पैक्ट प्लेयर नियम से ज्यादा एक्सपोजर मिल रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सवाल पर उन्होंने कहा, %इस बात पर चर्चा हुई थी कि क्या इसे खत्म किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले 11 खिलाड़ियों के खिलाफ 11 खिलाड़ियों का मुकाबला होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब 12-12 खिलाड़ी खेलते हैं। तो, यह एक पॉजिटिव बात है। इससे खिलाड़ियों को ज्यादा एक्सपोजर मिल रहा है। ज्यादातर टीमें चाहती हैं कि उनके बल्लेबाजी या गेंदबाजी स्लॉट पर स्पेशलिस्ट खिलाड़ी खेले।%

उन्होंने आगे कहा, %यह उन खिलाड़ियों के लिए थोड़ा कठिन हो गया है जो दोनों डिपार्टमें में योगदान देना चाहते हैं या ऐसे खिलाड़ी जो दोनों डिपार्टमेंट में खेलने के सक्षम हैं। पिछले सीजन ष्टस्य को हराकर प्लेऑफ में पहुंची थी ऋष्टक्क 2024 में ष्टस्य और ऋष्टक्क के बीच मुकाबला काफी शानदार रहा था। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दोनों टीमों के लिए ये करो या मरो वाला मुकाबला था। बेंगलुरु को अंतिम-4 में क्वालिफाई करने के लिए चेन्नई को 17 रनों से हराना था। वहीं चेन्नई 17 से कम रनों के अंतर से हारने पर प्लेऑफ में अपनी जगह बना लेती। अपने होम ग्राउंड पर आरसीबी ने 27 रनों से जीत दर्ज की। साथ ही वह अगले राउंड में पहुंच गई थी।

यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए आरसीबी चेन्नई पहुंच चुकी है। चेन्नई और बेंगलुरु के बीच अब तक कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 21 मैच सीएसके ने जीते हैं, तो वहीं आरसीबी ने 11 मुकाबले अपने नाम किए हैं। एक मैच बिना रिजल्ट के खत्म हुआ है।

# नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या

**दुबई।** भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं।



डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई।

डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में 3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है।पाकिस्तान के लिए युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने ऑकलैंड में नाबाद 105 रनों की पारी खेलकर 77वें स्थान पर पहुंचकर बड़ा प्रभाव डाला है। रैंकिंग अपडेट में हाल ही में विंडहोक में नामीबिया और कनाडा के बीच संपन्न पांच मैचों की टी20 सीरीज को भी ध्यान में रखा गया है, जहां मेजबान टीम ने 5-0 से सीरीज में क्लीन स्वीप हासिल की। नामीबिया के निकोलस डेविन 27 पायदान चढ़कर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए हैं, जबकि कप्तान गेरहार्ड इरास्मस गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कनाडा के निकोलस किर्टन ने भी बल्लेबाजों की सूची में 91वें से 74वें स्थान पर पहुंचकर प्रगति की है।

# जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**मियामी।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे।

जोकोविच शुरुआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंततः एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। सेरेना विलियम्स और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना के खिलाड़ी उनके बॉक्स में थे) के सामने जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया।

जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं स्टारस्ट्रक था! फर्स्ट डेलपो को देखना अद्भुत था, जाहिर तौर पर एक लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी, उन्हें अपने आस-पास पाकर और बॉक्स से उनका समर्थन पाकर बहुत खुश था। यह आश्चर्यजनक था, डेलपो को बॉक्स में देखना (पहली बार) था, इसलिए मैं उन्हें आने के लिए वास्तव में धन्यवाद देना चाहता हूं। और सेरेना, यह एक आश्चर्य था। मुझे नहीं पता था।


उन्होंने आगे कहा, वास्तव में, जब मैंने डाउन-द-लाइन पासिंग शॉट लगाया, तो मैंने उसकी ओर इशारा किया और उससे पूछा कि क्या यह ठीक है। उसने कहा, हाँ, यह ठीक था। अगर सेरेना कहती है कि यह ठीक था, तो यह हर किसी के मानकों के हिसाब से अद्भुत था। तो हां, उनका होना बहुत

# शून्य पर आउट होते ही ग्लेन मैक्सवेल ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड, रोहित-कार्तिक को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। पांचवां मुकाबला गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल को बड़ा झटका लगा। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसी के साथ उन्होंने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में गुजरात ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

मैक्सवेल के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

पंजाब के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मैक्सवेल खाता खोले बिना आउट हो गए। उन्हें साई किशोर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए। आईपीएल में वह 19वीं बार बिना खाता खोले आउट हुए। मैक्सवेल को आरसीबी ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। इसके बाद पंजाब ने उन्हें 4.2 करोड़ में खरीदा। पिछले सीजन में उन्होंने नौ मैचों में 5.77 के औसत से महज 52 रन बनाए थे और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 28 रन रहा था। मैक्सवेल गेंद से भी प्रभावित नहीं कर सके थे और वह सिर्फ छह विकेट अपने नाम कर चुके थे और इस दौरान उनकी इकॉनोमी 8.06 की रही थी।



## व्यापार

# सीएनबीसी के पूर्व एंकर हेमंत घई मार्केट से बैन
## सेबी ने 6.16 करोड़ इलीगल इनकम लौटाने को कहा
## धोखाधड़ी में मोतिलाल ओसवाल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने सीएनबीसी आवाज के पूर्व एंकर हेमंत घई को रेगुलेटरी नॉर्म्स के उल्लंघन के आरोप में सिक्योरिटी मार्केट से 5 साल के लिए बैन कर दिया है।



मार्केट रेगुलेटर ने हेमंत घई और उनकी पत्नी जया घई को 6.16 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को 31 मार्च 2020 से 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ वापस करने का भी निर्देश दिया।

ऑनलाइन स्टॉक ब्रोकर प्लेटफॉर्म जीरोधा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर मार्केट्स बाय जीरोधा नाम से थ्रेड-पोस्ट में इस पूरी घटना को डिटेल में शेयर किया है।

मार्केट रेगुलेटर ने हेमंत घई और जया घई पर 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इनके अलावा, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एंटिटी मास कंसल्टेंसी सर्विस पर 30 लाख रुपए और स्न्नस्रस्ru पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि MOFSL ने इस धोखाधड़ी में हेमंत का साथ दिया था।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ऑथराइज्ड एंटिटी म्स्न कंसल्टेंसी सर्विसेज ने हेमंत को उनकी पत्नी और मां के अकाउंट्स में अनअथॉराइज्ड ट्रेड करने की अनुमति दी और इसके रिकॉर्ड छुपाने में मदद की।मार्केट के भीतर के सूचना का फायदा उठाकर हेमंत ने अपनी पत्नी और मां के अकाउंट से ट्रेड किए और उन्हें छुपाने के लिए मास ने उनकी मदद की। यह धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार रेगुलेशन का उल्लंघन है।सेबी ने जनवरी 2019 से मई 2020 के बीच जया और श्याम मोहिनी घई के खातों की जांच की। इसमें पता चला कि उनके 81 प्रतिशत ट्रेड हेमंत की ओर से टीवी पर ऑन एयर रिकमेंड किए गए शेयर से जुड़े थे। इन रिकमेंडेशन से उन्होंने जो कमाया यह उनके टोटल प्रॉफिट का 85 प्रतिशत था।

# रेलवे ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 2031 तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पैसा स्टेशनों को अपग्रेड करने, फ्रेड कॉरिडोर बनाने, हाई स्पीड रेल परियोजनाओं और पटरियों के विद्युतीकरण पर खर्च होगा। इन परियोजनाओं से रेलवे को अपना परिचालन बढ़ाने की मदद मिलेगी।



रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय रेलवे ने 2031 तक फ्रेट कॉरिडोर, एचएसआर और स्टेशन अपग्रेड में लगभग 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। प्रमुख परियोजनाओं में 1,309 स्टेशनों का पुनर्विकास और डीएफसी का विस्तार शामिल है।

। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे 1,309 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के विस्तार को प्राथमिकता दे रहा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी बढ़ रही है। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) जैसी प्रमुख कंपनियां इन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल कर रही हैं। इस निवेश का एक प्रमुख उद्देश्य रेलवे की गति और दक्षता में सुधार करना है। सरकार लॉजिस्टिक्स बढ़ाने और परिवहन लागत को कम करने के लिए नए एचएसआर कॉरिडोर और अतिरिक्त डीएफसी के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे के लिए बजट आवंटन लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 21 में परिव्यय 1.55 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में अनुमानित 2.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि में 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई। रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है।

# गोल्ड डिपॉजिट स्कीम के कुछ हिस्से बंद

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया है। इस स्कीम में घर में रखे सोने को जमा करने पर 2.50त्न प्रतिशत तक ब्याज मिलता है। गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम में 1 से 3 साल, 5 से 7 साल और 12 से 15 साल के लिए गोल्ड जमा कर सकते है।



वित्त मंत्रालय ने कहा कि 5 से 7 और 12 से 15 साल वाली स्कीम को बंद कर दिया गया है। स्कीम बंद करने का कारण बाजार की बदलती परिस्थितियों और योजना के प्रदर्शन को बताया है। मंत्रालय ने कहा कि बैंक शॉर्ट टर्म गोल्ड डिपॉजिट ऑफर करना जारी रख सकते हैं।

गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम क्या है?

साल 2015 में सरकार ने इसे शुरू किया था। इस स्कीम में आइडल गोल्ड (ऐसा सोना जिसका इस्तेमाल न हो रहा हो) को बैंक में जमा कर 2.5 प्रतिशत तक ब्याज कमा सकते हैं। इस योजना के तहत, जमा किए गए सोने को ज्वेलर्स को उधार देकर उत्पादक उपयोग में लाया जाता है।

गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम का मकसद देश के घरों, संस्थाओं, निगमों और मंदिर ट्रस्टों में पड़े निष्क्रिय सोने का इस्तेमाल करना है। इसके जरिए सोना की मांग को पूरा किया जाता है। सरकार इसके जरिए सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना चाहती है।

क्या 2015 के बाद से भारत में सोने का आयात वाकई कम हुआ है?

2015 में जब यह स्कीम शुरू की गई थी, तब गोल्ड इंपोर्ट 900 टन था। अब ये 780 टन है। यानी, सोने के आयात में कमी तो आई है।

# शेयर बाजार में सात दिनों से जारी बढ़त पर ब्रेक
## सेंसेक्स 729 अंक टूटा, निफ्टी 23500 के नीचे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक पिछले सात दिनों की बढ़त के बाद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 822.97 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 77,194.22 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 181.80 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486.85 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे बढ़कर 85.69 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।




बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सात दिन से जारी तेजी थम गई और ये बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सात कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स 4,188.28 अंक या 5.67 फीसदी उछला। इसी अवधि में निफ्टी 1,271.45 अंक या 5.67 फीसदी चढ़ा।सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

# विद्यार्थियों के शिक्षा प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण है ओलंपियाड प्रतियोगिता : कलेक्टर





**जिला और राज्य स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**

**अनूपपुर।** राज्य शासन द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का अच्छा प्रयास है बच्चे देश का भविष्य है उनके शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी उतना ही बच्चों का भविष्य सशक्त होगा और देश मजबूत होगा उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सत्र 2024-25 के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक, जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक बीआरसी जैतहरी सहित विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि नौनिहालों के भविष्य को संवारने में अभिभावक और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आदर्शवान व संस्कारवान बच्चों के विकास में उनका संपूर्ण योगदान आवश्यक है कलेक्टर ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषय आधारित बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में कहीं कोई परेशानी नहीं होगी अगर कोई दिक्कत होती है तो वह जिला प्रशासन से मदद ले सकते हैं। ओलंपियाड 2024- 2025 के जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के छात्र-छात्राओं, विषय शिक्षकों को कलेक्टर हर्षल पंचोली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने प्रमाण- पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा आवश्यक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दो के सानू सिंह इसी तरह आकाश यादव, आयांशी माझी, उषा नापित, अनीश यादव, काम्या, सरस्वती सिंह, रचित, रिया, अंशिका, लक्ष्मी सिंह, कीर्ति, अर्चिता मिश्रा, अंशु, आदित्य पांडे, शिवम प्रजापति नवनीत सिंह, सूरज चौधरी, संध्या सिंह के नाम शामिल हैं। इसी तरह छात्र-छात्राओं के विषय शिक्षकों को भी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सभी ठेकेदारों से ऑनलाइन खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र का सत्यापन कराएं अधिकारी: कलेक्टर

**– कलेक्टर ने निर्माण कार्यों से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिले के सभी निर्माण कार्यों से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि शासन के गाइडलाइन के अनुसार ऑनलाइन खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र का सत्यापन खनिज विभाग द्वारा कराने के पश्चात ही निर्माण विभाग ठेकेदारों का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनिज अधिकारी से सामंजस्य स्थापित कर इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। ठेकेदार खनिज विभाग के ई-खनिज पोर्टल पर आवेदन कर निर्माण कार्यों के कार्यादेश तथा अन्य संबंधित जानकारी संलग्न करें, जिसमें निर्माण कार्य के दौरान जिले के कितने खनिज संसाधन का उपयोग हो रहा है, उसकी संपूर्ण रॉयल्टी जमा हो सके।



बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत,मुख्य नगर पालिका अधिकारी, खनिज निरीक्षक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग,जल संसाधन विभाग,नगर पालिका,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों की ईटीपी के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्यों का विश्लेषण एवं समीक्षा कर खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र खनिज विभाग द्वारा सत्यापन करने के निर्देश दिए, जिससे शासन को ज्यादा से ज्यादा राजस्व की वसूली हो सके। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारियों को अपने-अपने ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित कर ऑनलाइन खनिज रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक गाइडलाइन के संबंध में चर्चा करने तथा अधिकारियों द्वारा इसका फॉलोअप लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों से संबंधित विभाग की समस्याओं एवं अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग की पहल: स्थानीय क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर कूलर कराए उपलब्ध

**अनुपपुर।** हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी से लगे स्थानीय क्षेत्रों में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 वाटर कूलर उपलब्ध कराए हैं। इन स्थानों में तहसील कार्यालय, जैतहरी, वार्ड क्रमांक 6 चौक, जैतहरी, मिनी चौपाटी, वार्ड नंबर 7, जैतहरी, शासकीय मॉडल स्कूल,मुर्रा,जैतहरी, कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी,शासकीय कन्या परिसर, जैतहरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, टकहोली, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, अमगंवा,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमगंवा, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, चांदपुर, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, क्योंटार,शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, धनगंवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चौलना, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चौलना इत्यादि जैसे सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। इस पहल का मकसद ग्रामीण समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को, और अन्य आवागमन करने बालें राहगीरों को, विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहत मिल सके।







वितरण कार्यक्रम शासकीय मॉडल स्कूल, मुर्रा लहरपुर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापकगण के साथ साथ कंपनी के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें सी एस आर विभाग के प्रमुख सत्यम सलील और एक अन्य अधिकारी विकास राय उपस्थित रहे। विद्यालय से उच्च माध्यमिक शिक्षक श्वेता तिवारी, माध्यमिक शिक्षक विभा गुप्ता, अतिथि शिक्षक मान कुमारी राठौर आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे। उपस्थित अध्यापकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ÷हिंदुस्तान पावर का सीएसआर विभाग हमेशा विद्यालय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता है, वाटर कूलर की मांग को विभाग ने त्वरित संज्ञान में लिया और इनके द्वारा ग्रीष्म ऋतु आने से पहले ही कई चिन्हित स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कराए गए हैं जिनमें हमारा विधालय भी शामिल हैं, इस पहल से निश्चित ही विद्यार्थियों को, स्थानीय समुदाय को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। हम सभी कंपनी प्रबंधन को इस सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने इस प्रयास को समाज कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि हमारा निरंतर प्रयास समाज की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में रहता है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है, और भविष्य में भी हम इस तरह की जनकल्याणकारी पहलों को जारी रखेंगे।

इस पहल को लेकर अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लाभार्थी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी हिंदुस्तान पावर के प्रति आभार प्रकट किया और इसे क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# सांवरिया संग होली मिलन समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा





**-रंगारंग कार्यक्रम की महिलाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**

**अनूपपुर।** महिला मण्डल द्वारा होली मिलन समारोह नगर के सर लगन पैलेस मे आयोजित किया गया, जिसमें अनूपपुर नगर सहित कोतमा, भालूमाडा, चचाई, जैतहरी व शहडोल की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सांवरिया संग होली के कार्यक्रम मे सभी उम्र की महिलाओं ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी, जिसमें एक मिशाल पेश की कि उम्र कोई मायने नही रखता, जिसमें 21 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक की महिलाओं ने होली मिलन समारोह मे अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, हास्य, व्यंग्य के साथ होली के ठहाके के साथ जमकर थिरके। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी एक माह पूर्व से अनूपपुर नगर पालिका पार्षद डॉ. प्रवीण त्रिपाठी, निर्मला मिश्रा एवं आकांक्षा शुक्ला व उनके आयोजक मण्डल डॉ.सरोज शुक्ला, निधि खण्डेलवाल, पूनम पाण्डेय, संजना केशरवानी, वंदना अग्रवाल, मंजू सिंह ने आयोजन को सफल बनाने मे अपना विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह व अनूपपुर नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका सिंह सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में नृत्य, भजन के साथ साथ महिलाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में श्रीमती सुधा मालवीय, सरिता खेमका, वंदना जैन, खूशबू गोयल, ऊषा शर्मा, जैतहरी से मंजू मिश्रा, आभा दत्ता, सावित्री त्रिपाठी ने भजन गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। अर्पिता शुक्ला, सजनी सोनी, किरण शुक्ला, अनुराधा चतुर्वेदी, प्रिया शर्मा, अल्का मिश्रा, अल्का जायसवाल, सोनल सिन्हा, नीलम गुप्ता, अंशू गुप्ता, पूनम पाण्डेय, किरण पाण्डेय, विनीता सिंह, मंजू सिंह, किरण तिवारी ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मण्डल की महिलाओं ने बुंदेलखण्डी राई नृत्य करके उपस्थित महिलाओं का मन मोहि लया। कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने सहभागिता निभाई। अंत में कार्यक्रम का समापन बांके बिहारी की आरती के साथ सम्पन्न हुई एवं कार्यक्रम का आभार डॉ. सरोज शुक्ला ने व्यक्त किया।

# महापुरूषों पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में हिन्दू समाज ने पूतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**देवास।** श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज एवं वीर शिरोमणि राणा सांगा जी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने बुधवार को भोपाल चौराहा पर समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव का पूतला दहन कर कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। खिलेश शिंदे ने बताया कि भोपाल चौराहा पर पूतला दहन के पश्चात सभी हिन्दू समाजजन रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां ज्ञापन का वाचन करते हुए अधिवक्ता विक्रम धिंगान ने बताया कि श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना की एवं वीर शिरोमणि राणा सांगा जी ने भी धर्म के लिए अपना बलिदान दिया। आज सम्पूर्ण भारत सहित विश्व के अनेक देशों में उनके अनुयायी है। समाजवादी पार्टी से सांसदद्वय अखिलेश यादव एवं रामजीलाल सुमन ने आधी अधूरी इतिहास की जानकारी के बगैर श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर शिरोमणि राणा सांगा जी को लेकर जो अशोभनीय टिप्पणी की। जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है। सर्व हिन्दू ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता सांसद अखिलेश यादव एवं सांसद रामजीलाल सुमन की संसद से सदस्यता रद्द की जाकर कठोर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में कभी कोई भी व्यक्ति महापुरुषों के लिए ऐसे बयानों की पुनरावृत्ति न कर सके। इस दौरान मराठा समाज अध्यक्ष सुभाष शिंदे, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, जिला महामंत्री पंकज वर्मा, मराठा समाज के प्रमोद जाधव, साधना काले, अमितराव पवार, कीर्ति चव्हाण, तरूण सोनोने, आकाश घुमरे, समरजीत जाधव, संजय जाधव, उमेश निम्बालकर, भालचंद्र ताकोणे, राजपूत करणी सेना के दीपसिंह पवार, अधिवक्ता सिद्धार्थ माहुरकर, हर्षवर्धन जगताप, शंकर भोले सहित बड़ी संख्या में हिन्दू समाजजन उपस्थित थे।



# श्री शिव छत्रपति मराठा संघ देवास का चतुर्थ नि:शुल्क अभा मराठा युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 मई को

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**देवास।** श्री शिव छत्रपति मराठा संघ देवास द्वारा उच्च शिक्षित, उच्च आय वर्ग हेतु हाइटेक परिचय सम्मेलन 11 मई 2025 रविवार को आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण ने बताया कि शिव छत्रपति मराठा संघ विगत तीन वर्ष से अखिल भारतीय स्तर पर विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। विगत वर्ष के तृतीय सफल आयोजन के पश्चात इस वर्ष भी श्री शिव छत्रपति मराठा संघ इस वर्ष चतुर्थ अखिल भारतीय क्षत्रिय मराठा परिचय सम्मेलन करने जा रहा है। इस समाजोपयोगी आयोजन में



समाज बंधुओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। विगत वर्ष इस मंच के माध्यम से अनेक रिश्ते तय हुए है। उनकी सद्भावना और सहयोग से हम निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते जा रहे हैं। सामाजिक कार्यो में समाज के सभी वर्गो का सहयोग आवश्यक होता है। इस अवसर पर परिचय विशेषांक का प्रकाशन भी किया जाएगा। जिसमें प्रत्याशियों एवं अभिभावकों की फोटो सहित पूर्ण जानकारी दी जावेगी। चूंकि श्री शिव छत्रपति मराठा संघ देवास शहर में अपनी गौरवशाली परम्पराओं के अनुसार समाज के समाजसेवी को मराठा गौरव के साथ सम्मान समारोह का आयोजन भी करने जा रहा है।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया



**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं में दूसरे दिन भी बुधवार को खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धा में अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाया। इनमें एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की 800 मीटर पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय विजयी रहा। 1500 मीटर महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय, खंडवा विजेता रहा। 400 मीटर महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय, खंडवा विजयी रहा। जैवलिन थ्रो महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन फाइनल पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# यातायात में बाधक हाथ ठेलों का हटाया



ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले ने बुधवार को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। निगम अमले ने बुधवार को चिरवाई नाका चौराहा पर यातायात में बाधक हाथ ठेले वालों को हटाया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाये अन्यथा सामान जप्त कर जुर्मानें की कार्यवाही की जायेगी।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना



ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत गंदगी फैलाने, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम अमले ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 22 मुख्य बस स्टेण्ड पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना कार्रवाई की है। जिसमें दुकानदारों एवं ठेले वालों से अमानक पॉलिथीन जब्त कर 1000 रूपये और गंदगी करने वालों पर 3650 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

# मजदूर कांग्रेस का 22वां प्रांतीय अधिवेशन 29 एवं 30 मार्च को

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का 22वां प्रांतीय अधिवेशन 29 एवं 30 मार्च को ग्वालियर में आयोजित किया गया है। अधिवेशन का शुभारंभ 29 मार्च को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. संजीवारेडी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, रामचंद्र खुटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंटक पूर्व सांसद, अशोक सिंह राज्यसभा सांसद द्वारा किया जाएगा। अधिवेशन के समापन पर 30 मार्च को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में मध्यप्रदेश इंटक के 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सुंदर यादव द्वारा की जायेगी।

# लैंगिक उत्पीड़न से बचाव व सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**ग्वालियर।** जिले के विकासखंड घाटीगांव के माधव विद्या मंदिर झण्डा का पुरा में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बुधवार को लैंगिक उत्पीड़न संबंधी बचाव सुरक्षा के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पर्यावरण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास ग्वालियर द्वारा सपोर्ट पर्सन अरविंद कुशवाह के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों से विषय विशेषज्ञों ने कहा कि हमें अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए और अच्छी बातों को जीवन में उतारने का प्रयास भी करना चाहिए जिससे हमारे व्यक्तिगत विकास होता है। साथ ही कहा गया कि पर्यावरण हमारे लिए बहुत जरूरी है और हमें इसे बचा कर रखना होगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं स्टाफको पोक्सो एक्ट और गुड टच बेड टच के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही जानकारी दी गई कि अगर कोई बच्चा परेशानी में है तो 1098 पर कॉल करके अपनी समस्या को बता सकता है और उसमें बच्चों का नाम गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम में विद्युत वितरण कंपनी के नरेन्द्र कुशवाह, प्राचार्य माधव विद्या मंदिर मयूर गौतम, सफल युवा मंडल के उपाध्यक्ष गोलू सिंह, राहुल गुर्जर नेहा राजपूत शिवानी सिंह आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित हुआ महिला उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर

**ग्वालियर।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ग्वालियर स्मार्ट सिटी उद्भवन केन्द्र, जिनक्यूब द्वारा महिला उद्यमिता पर एक विशेष प्रशिक्षण शिविर (बूटकैम्प) का आयोजन किया गया। बूटकैम्प में छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कि वे किस प्रकार उद्यमी बनकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं और उसे एक सफल स्टार्टअप में परिवर्तित कर सकती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम



में जिनक्यूब के अन्तर्गत स्थापित महिला उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। इनक्यूबेशन केन्द्र प्रबन्धक मेघा उपाध्याय ने बताया कि यशस्विनी में महिलाओं के लिए 12 सप्ताह की एक विशेष निशुल्क प्रशिक्षण श्रंखला शीघ्र ही आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक सप्ताह महिलाओं को विशेषज्ञों से जुड़ने और सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ नीलम भटनागर ने सफल स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए छात्राओं को सुझाव दिए। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ सुयश कुमार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीपीएस जादौन, डॉ सुयश कुमार, डॉ मधुकर उपाध्याय, डॉ एसी पांडे, डॉ सारिका श्रीवास्तव, डॉ किरण भदौरिया, डॉ अंजु नागर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को न्यायालय ने दोषमुक्त किया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** प्रकरण में हुए फैसले में विशेष न्यायाधीश अनुज त्यागी ने पॉक्सो एक्ट की धारा 7,8 व 11,12 सहित आईपीसी की धारा 354,509 के आरोपी जितेंद्र रावत को दोषमुक्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 05.11.21 को फरियादिया ने थाना जौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उक्त दिनांक को ही शाम 4.30 बजे अपनी भैंसों को गोंडा में से घर के अंदर बांधने के लिए ला रही थी कि तभी आरोपी वहां आया और बोला कि मुझसे बात कर लिया कर तो अभियोक्त्री ने कहा कि क्यों करूं, इसी बात पर से आरोपी अश्लील बातें करने लगा और गलत नियत से अभियोक्त्री का हाथ पकड़कर खींचने लगा। अभियोक्त्री चिल्लाई तो उसकी मम्मी और भाई आ गए जिन्हें देखकर आरोपी भागते-भागते बोला कि आज तो तेरे मां और भाई आ गए, आइंदा तुझे नहीं छोडूंगा। तब अपने परिजनों के साथ अभियोक्त्री ने थाना जौरा जाकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।




आरोपी को एफआईआर का पता लगने पर उसने अपनी जमानत कार्यवाही हेतु एडवोकेट अरविंद पाराशर से संपर्क किया और उन्होंने अभियोक्त्री की रिपोर्ट को रंजिशवश करार देते हुए आरोपी की ओर से जमानत आवेदन देकर आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ दिलाया। न्यायालय में विचारण के दौरान भी अभियोक्त्री सहित उसकी मां और भाई ने आरोपी के विरुद्ध कथन दिए लेकिन एडवोकेट अरविंद पाराशर द्वारा किए गए प्रतिपरीक्षण के दौरान उक्त साक्षियों के कथनों में गंभीर विरोधाभास पाया। साथ ही उन्होंने आरोपी के बचाव में अभियोक्त्री के भाई और प्रकरण के साक्षी के विरुद्ध घटना दिनांक को ही आरोपी द्वारा दर्ज कराई एफआईआर के दस्तावेज भी प्रकरण में प्रस्तुत किए और बचाव लिया कि अभियोक्त्री की बहन से आरोपी का प्रेम प्रसंग होने और उक्त कारण से अभियोक्त्री के भाई द्वारा आरोपी पर कट्टे से फायर करने के संबंध में जौरा थाना में आरोपी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी कारण से अभियोक्त्री द्वारा पॉस्को एक्ट का यह झूठा मामला दर्ज कराया गया है। प्रकरण में आई साक्ष्य का विवेचन करते हुए और एडवोकेट अरविंद पाराशर के तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायाधीश श्री अनुज त्यागी ने आरोपी जितेंद्र रावत को पॉस्को एक्ट सहित आईपीसी की छेड़खानी की धाराओं में दोषमुक्त कर दिया।

# चांदपुर निवासी जैन संत दयानंद जी महाराज को पदमपुर राजस्थान में 30 मार्च को प्रदान की जाएगी मुनि दीक्षा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** चांदपुर दिमनी के रहवासी वर्तमान में जैन संत आचार्य वसुनंदी जी महाराज के शिष्य 105 एलक दयानन्द जी महाराज का मुनि दीक्षा संस्कार कार्यक्रम 30 मार्च गुड़ी पड़वा रविवार के दिन सुबह 9 बजे अतिशय तीर्थ क्षेत्र पदम्पुरा जयपुर, राजस्थान में आयोजित होने जा रहा है। ज्ञात रहे कि लगभग पांच माह वर्ष पूर्व चांदपुर दिमनी निवासी नत्थी लाल जैन ने जैन संत वसुनंदी जी महाराज को गुरु बनाकर आध्यात्मिक के पथ पर चलने हेतु छुल्लक पद की दीक्षा ली थी। संत दयानंद जी के आत्म साधना की तरफ निरंतर बढ़ते हुए कदम को देखकर एक माह पूर्व वसुनंदी जी महाराज ने उन्हें एलक पद की दीक्षा प्रदान की। इस पद पर भी खरा उतरने के बाद अब उन्हें सर्वोच्च मुनि पद की दीक्षा 30 मार्च को प्रदान की जाएगी। इस दिन विशाल समारोह आयोजित होगा, जिसमें हजारों लोगों की मौजूदगी में एलक दयानंद जी महाराज को मुनि दीक्षा प्रदान कर नया नाम दिया जाएगा। ज्ञात रहे की जैन संत दयानंद महाराज की पत्नी रामकली जैन भी आध्यात्मिक के मार्ग पर बढ़ते हुए आर्यिका पद की दीक्षा ले चुकी है। उनके तीन पुत्र हैं, जिनमें संतोष जैन अशोक नगर, रूपेश जैन उर्फ नीलेश मुरैना एवं दीपक जैन जबलपुर में निवास करते हैं। अपने ससुर के दीक्षा समारोह के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती वर्षा जैन शिक्षिका ने बताया कि जैन धर्म अपनी प्राचीनता संयम व तपष्चरण की परम पराकाष्ठा एवं दिगम्बरत्व रूप के कारण विशेष स्थान रखता है।



# रोटरी कैम्प में 6216 के हुये पंजीयन 32 लोगों के हुये ऑपरेशन



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत 26 मार्च को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये। पंजीयन के दौरान चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर के डॉक्टरों ने लोगों का परीक्षण किया। 26 मार्च से 02 अप्रैल तक पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में संचालित किया जा रहा है। 26 मार्च को कैम्प में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये, जिनमें से जिला चिकित्सालय में 32 लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन किये गये। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि ऑर्थो का 01, सर्जरी के 05, गायनिक 04, प्लास्टिक सर्जरी 03, इएनटी 02, डेंटल के 10 और कान के 07 लोगों के ऑपरेशन किये गये हैं।

# रोटरी स्वास्थ्य शिविर में स्काउट गाइड दे रहा है सेवायें

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी स्वास्थ्य मिशन शिविर दिनांक 26 मार्च से 02 अप्रैल तक पुलिस परेड ग्राउंड एसएएफ मुरैना में आयोजित किया गया है। इस विशाल सेवा शिविर का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष विधानसभा मध्य प्रदेश, विवेक तन्खा सांसद राज्यसभा की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ।



स्काउट गाइड मुरैना के लगभग 35 से अधिक स्काउट गाइड के पदाधिकारी, अधिकारी, यूनिट लीडर, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने सुखदेव सिंह चौहान सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना के निर्देशन में विभिन्न स्थानों व्हीआईपी व्यवस्था, सुपर स्पेशसिटी, पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, डॉक्टर के पास लाइन लगवाने की व्यवस्था, मरीज को व्हील चेयर पर ले जाने की व्यवस्था, मोबाइल बेन जांच पर रोगियों की जांच व्यवस्था में सहयोग एवं इमरजेंसी सेवाओं में सेवा कार्य करने वाले स्काउट गाइड के सेवार्थियों की डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन, नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष विधानसभा मध्य प्रदेश, विवेक तन्खा सांसद राज्यसभा एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्काउट गाइड की सेवार्थियों की सेवा की प्रशंसा की।

सेवा कार्य करने वालों में सुखदेव सिंह चौहान, वीर सिंह यादव, जे.पी. कौशिक, मुरारीलाल मावई, अमृत लाल यादव, प्रमोद कुमार मांझी, रघुवर दयाल कुशवाहा, राकेश गौड़, कमलेंद्र सिंह जादौन, श्रीमती मधु लता तोमर, श्रीमती चंद्रावली तोमर, श्रीमती निर्मला कुशवाहा, श्रीमती प्रेमलता तोमर आदि ने अपनी सेवायें दीं।

# ''पोषण भी पढ़ाई भी'' अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** महिला एवं बाल विकास अम्बाह एवं खड़ियाहार परीयोजना अंतर्गत समस्त कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक गोरेलाल वाटिका अम्बाह में सम्पन्न हुआ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी उपासना राय के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी व कोर्स डायरेक्टर अजय प्रताप सिंह के द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण अंतगर्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का चहुंमुखी विकास कैसे हो, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा बच्चों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता संवर्धन, गर्भवती, धात्री माताओं की देखभाल आदि पर केंद्रित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में समस्त पर्यवेक्षक ममता त्रिवेदी, रेखारानी माहौर, रश्मि सक्सेना, मीना शर्मा, मधु रजक, भगवती उमरैया, ममता जैन, सरोज लोधे, हमीदन खान, विमला राठौड़ ने मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया।



# सेवानिवृत्त एसएडीओ वृंदावन में कराएंगे भागवत कथा




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** अम्बाह के रिटायर्ड एसएडीओ पंडित वीरेश कुमार शर्मा मेहराकी विश्व शांति जन कल्याण की कामना हेतु 04 अप्रैल से 10 अप्रैल तक वृंदावन धाम मथुरा के बंसी वाला आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं, जिसमें आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद शास्त्री बदरपुरा वाले कथा का वाचन करेंगे। वीरेश कुमार शर्मा ने बताया कि 04 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा। 05 अप्रैल को सुखदेव आगमन परीक्षित दिग्विजय, 06 अप्रैल को ध्रुव चरित्र, 07 अप्रैल को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 08 अप्रैल को गोवर्धन पूजा, 09 अप्रैल को रुक्मणी विवाह,10 अप्रैल को सुदामा चरित्र एवं 11 अप्रैल को पूजन पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा। वीरेश शर्मा ने बताया कि हिंदु धर्म में श्रीमद् भागवत कथा का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर पर वृंदावन में कथा कराने का अलग ही महत्व है। उक्त कार्यक्रम में उनके परिजनों सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग श्री वृंदावन धाम में कथा श्रवण के लिए जाएंगे।

# नगर पालिका परिषद जौरा में ''स्वच्छता की बात–अपनों के साथ'' कार्यक्रम 27 को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि नगर पालिका परिषद् जौरा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 अंतर्गत जीएफसी स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ++/Water+ प्रमाणीकरण हेतु आवश्यक तैयारियों एवं आगामी चुनौतियों के संदर्भ में तथा शहरी स्वच्छता में निकाय द्वारा नए आयाम स्थापित किए जाने हेतु जागरूकता सह क्षमतावर्धन कार्यशाला ''स्वच्छता की बात-अपनों के साथ'' का आयोजन 27 मार्च को दोपहर 02 बजे से नगर पालिका कार्यालय के पीछे स्थित टाउनहॉल में किया जा रहा है। उक्त आयोजन में निकाय के जनप्रतिनिधि, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैम्पियन, निकाय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी, सफाई मित्र एवं सहयोग उपस्थित होंगे। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण-2024, जीएफसी स्टार रेटिंग अंतर्गत 03 स्टार एवं ओडीएफ++ प्रमाणीकरण में जमीनी स्तर पर जारी तैयारियों हेतु नागरिकों एवं सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता करना है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि अपने पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से इस संदर्भ में खबर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिससे निकाय के सभी नागरिक स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपना योगदान दे सके।

# महिला एवं बाल विकास मुरैना शहरी द्वारा पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यशाला का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास परियोजना मुरैना शहरी द्वारा परियोजना अधिकारी व कोर्स डायरेक्टर मनीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण हेतु द गोल्डन फैमिली रेस्टोरेंट मुरैना में 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ डीके सिद्धार्थ संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग चंबल संभाग मुरैना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा कार्यशाला/प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 24 मार्च 2025 को किया गया। इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुरैना शहरी मनीष कुमार सिंह, समस्त पर्यवेक्षक/ मास्टर ट्रेनर एवं विभाग के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास चंबल संभाग मुरैना के सिद्धार्थ द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान है,जो आधी आबादी एवं जन्म से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण के लिए शासन की मंशा एवं निर्देशों के अनुरूप एक महत्वकांक्षी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसे ''पोषण भी, पढाई भी'' नाम दिया गया है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पोषण भी पढ़ाई भी एक ऐसा प्रयास है, जो 0-6 वर्ष के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही श्री सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन किए गए कार्यों की प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से पोषण ट्रैकर एप पर सुनिश्चित करें। परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक सपोर्टिव सुपरविजन के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, जिससे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती उपासना राय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम एवं इसकी प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ''पोषण भी-पढ़ाई भी'' प्रशिक्षण कार्यक्रम इस दिशा में सहायक होगा, साथ ही कहा कि छोटे बच्चों के संर्वागीण विकास लिए पोषण के साथ शिक्षा भी जरुरी है। लेकिन यह अनौपचारिक शिक्षा के स्वरुप में ही होनी चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत शासन द्वारा पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

सफलता की कहानी

# रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 की मदद से माधौ सिंह को मिले आर्टिफिशियल पैर

## माधौ सिंह की चलने–फिरने की बाधा हुई दूर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 की मदद से ताजपुर निवासी माधौ सिंह पुत्र मान सिंह के जीवन में बदलाव आया है। रोटरी मेडीकल मिशन से प्राप्त लाभ का गुणगान करना माधौ सिंह नहीं भूलेंगे।



जौरा विकासखण्ड के ग्राम ताजपुर निवासी माधौ सिंह बताते है कि मारवल का कार्य करने के लिये हैदराबाद गया था। काम करते समय पत्थरों का ढेर उसके पैरों पर आ गिरा और उस दौरान दोनों पैर पूरी तरह से घायल हो गए थे। जब डॉक्टरों को दिखाया तो उन्होंने बताया कि एक पैर की नस में चोट आ चुकी है, दूसरे पैर में सरिया डलकर ही वह ठीक हो सकता है। यह सुनकर मुझे बहुत दुःख हुआ।मुझे लगा की अब मेरी जिंदगी का शेष समय कैसे गुजरेगा। हैदराबाद मैं डॉक्टरों ने मेरा एक पैर काट दिया और दूसरे पैर में सरिया डाल दिया। मैं चल-फिर नहीं पा रहा था, मुझे राहत स्वास्थ्य शिविरों के बारे में पता चला कि मुरैना में राहत-2 का शिविरलग रहा है। मैंने भी आज पंजीयन कराया और डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मुझे कैलीपर्स (कृत्रिम पैर) लगा दिया। वह कहते है कि अब मुझे चलने फिरने में कोई तकलीफ नहीं है। मैं अब घूम फिर सकता हूँ। रोटरी के पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं।

*मोनिका माहोर*

## घायल युवक की दौराने उपचार मौत

**मुरैना।** अम्बाह थाना क्षेत्र के अंतर्गत 25 मार्च को हुए एक रोड एक्सीडेंट में सोमवीर माहौर 20 पुत्र बेनीराम माहौर निवासी दिमनी बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवीर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ट्रक ने बिजली के खंबों को टक्कर मारी, मामला दर्ज

**मुरैना।** जौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 22 मार्च को ट्रक क्रं. एमपी07-एचबी-6554 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए एमएस रोड पर सिकरोदा गांव के पास बिजली के खंबों को टक्कर मार दी। जिससे बिजली के खंबे क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बिजली कंपनी के जेई क्षितिज मरावी की रिपोर्ट पर आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना।** पोरसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ीकी निवासी महिला पिंकी तोमर पत्नी अरविंद तोमर की 25 मार्च को शिवकुमारी तोमर, अमन, रोनू तोमर ने घर में घुसकर गालियां देते हुए मारपीट कर डाली।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)**
Office of the Municipal Corporation, Morena (M.P.)
Address - Town Hall Parishar Jiwaji Ganj Morena (M.P.)- 476001
Email :- commmorena@mpurban.gov.in
Phone No. : 07532-226020

क्रमांक/वि.पं./2025/1438 मुरैना, दिनांक - 25/03/2025

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक (वर) योगेश शर्मा पुत्र रामकिशोर शर्मा निवासी- राधाकृष्ण कॉलोनी रामनगर मुरैना द्वारा विवाह पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वधु दिव्या शर्मा पुत्री मोहन शर्मा निवासी- शिक्षक बस्ती रामनगर मुरैना का विवाह दिनांक- 22.11.2024 स्थान- बापू मैरिज होम अम्बाह बाईपास रोड मुरैना पर हिन्दू रीति-रिवाज़ से सम्पन्न विवाह के आधार पर इस निगम में नियमानुसार विवाह का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, और प्रस्तुत आवेदन के आधार पर विवाह पंजीयन कर दिया जावेगा।

रजिस्ट्रार
विवाह पंजीयन
नगरपालिक निगम, मुरैना

**कार्यालय नगरपालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)**
Office of the Municipal Corporation, Morena (M.P.)
Address - Town Hall Parishar Jiwaji Ganj Morena (M.P.)- 476001
Email :- commmorena@mpurban.gov.in
Phone No. : 07532-226020

क्रमांक/वि.पं./2025/1439 मुरैना, दिनांक - 25/03/2025

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक (वर) अमित बाँदिल पुत्र स्व. प्रमोद बाँदिल निवासी- बाँदिल भवन सब्जी मण्डी दत्तपुरा मुरैना द्वारा विवाह पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वधु शिल्पी चाँदिल पुत्री ओमप्रकाश चाँदिल निवासी- तंवरघारी ब्लॉक जीवाजीगंज मुरैना का विवाह दिनांक- 21.01.2025 स्थान- द गुप्ता बैंक्वेट हॉल माधौपुरा की पुलिया के पास मुरैना पर हिन्दू रीति-रिवाज़ से सम्पन्न विवाह के आधार पर इस निगम में नियमानुसार विवाह का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, और प्रस्तुत आवेदन के आधार पर विवाह पंजीयन कर दिया जावेगा।

रजिस्ट्रार
विवाह पंजीयन
नगरपालिक निगम, मुरैना

**कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)**

क्रमांक/राजस्व/2025 **//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//** मुरैना, दिनांकः- 26.03.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैंः-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 244, वार्ड पुराना 05 नया वार्ड 28 छत्री का पुरा सुभाषनगर मुरैना | श्रीमती ज्योति कारखुर पत्नी स्व. हेमंत कारखुर निवासी- छत्री का पुरा सुभाषनगर मुरैना | प्रकाशचन्द्र कारखुर पुत्र फूल सिंह कारखुर | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 2 | 206/17, नया वार्ड 16 तंवरघारी गंज मुरैना | जुगलकिशोर गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता पुत्रगण स्व. महेशचन्द गुप्ता निवासी- तंवरघारी गंज मुरैना | स्व. रामगोपाल गुप्ता पुत्र स्व. सीताराम गुप्ता | रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 3 | 149/5, नया वार्ड 28 सुभाषनगर मुरैना | छोटेलाल पुत्र स्व. पन्नालाल, मीरा बाथम पत्नी स्व. रामस्वरूप, सोनू, सतीश पुत्रगण स्व. रामस्वरूप, निवासी- सुभाषनगर मुरैना | श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्व. पन्नालाल | रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

राजस्व प्रभारी
नगर पालिक निगम, मुरैना

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे पत्रकार हमेशा सजग हैं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जन-जन तक सूचनायें पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं पत्रकार: विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह

### पत्रकारों के हित में रखी गई मांगों के निराकरण के लिये कमेटी गठित की जायेगी







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सैनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आम जनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक दिनेश गुर्जर, पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी सुरेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## श्रमजीवी पत्रकारों का त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन प्रारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्य कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य कर रहा है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार बीमा कराने की तिथि बढ़ाने की घोषणा की, जिसके कारण प्रदेश भर के पत्रकारों को लाभ हुआ है। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्रकारों के हित में विभिन्न माँगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पत्रकारों के हितों के लिये इन मांगों को प्रदेश सरकार शीघ्र पूर्ण करें। कार्यक्रम में प्रदेश भर के जिलों से आए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्षों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

# हैलीपेड पर हुआ मुख्यमंत्री का भव्य व आत्मीय स्वागत

## विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने की अगवानी



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को मुरैना आगमन पर 5वीं बटालियन हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर चम्बल क्षेत्र की पावन धरती पर अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने 5वीं बटालियन हेलीपेड पर उनसे मुलाकात की।

इस अवसर पर मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, गिर्राज डंडोतिया, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, राकेश मावई, परशुराम मुदगल, सूबेदार रजौधा, कमलेश सखवार, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, चम्बल संभागायुक्त मनोज खत्री, आईजी चम्बल सुशांत सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ, कलेक्टर अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# लोकायुक्त की टीम ने मंडी के उप निरीक्षक को 15 हजार की रिश्वत लेते दबोचा



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने अभी अभी उपनिरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति अशोक नगर को 15 हजार की रिश्वत लेते मंडी ईशागढ़ के स्टाफ कक्ष से रंगे हाथ पकड़ा है। उपनिरीक्षक घूस की यह रकम गल्ला व्यवसाय के लिए मंडी लाइसेंस प्रदान करवाने के एवज में ले रहे थे। लोकायुक्त पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। एसपी लोकायुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार दोपहर को बड़ी कार्रवाई कर उपनिरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति अशोक नगर महेंद्र कनेरिया को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आवेदक भूपेंद्र नारायण द्विवेदी निवासी ईशागढ़ ने शिकायत की थी कि महेंद्र कनेरिया सहायक मंडी उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी समिति जिला अशोक नगर ने पत्नी के नाम से गल्ला व्यवसाय के लिए मंडी लाइसेंस प्रदान करवाने के एवज में आवेदक से 20 हजार की घूस मांगी है। बातचीत के बाद 15 हजार में सौदा हुआ। बुधवार को आरोपी कनेरिया को मंडी ईशागढ़ के स्टाफ कक्ष में जैसे ही भूपेन्द्र ने रिश्वत की राशि 15 हजार दी तो वैसे ही लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की पेंट की जेब से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गयी है। पुलिस आरोपी के विरुद्ध पीसी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर रही है। ट्रेप टीम में निरीक्षक कवींद्र सिंह, बृजमोहन नरवरिया, बलराम सिंह राजावत, प्रधान आरक्षक हेमंत शर्मा, नेतराम राजोरिया, सुरेंद्र सेमिल, प्रशांत राजावत, धीरज नायक, विनोद शाक्य शामिल थे।

# हाईकोर्ट ने जीवाजी क्लब को दी राहत मामला 36.21 करोड़ रुपये की रिकवरी का

## मामला बिना डायवर्सन मैरिज गार्डन संचालित करने का

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** जीवाजी क्लब ने 36.21 करोड़ रुपये के जुर्माने की रिकवरी के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामला बिना डायवर्सन मैरिज गार्डन संचालित करने से जुड़ा हुआ है। क्लब की दलील है कि वह सिर्फ अपने सदस्यों को शादी के लिए स्थान देता है। क्लब पर म.प्र. भू-राजस्व संहिता के प्रावधान लागू नहीं होते। ऐसे में जुर्माने की कार्यवाही विधि विरुद्ध है और इसे निरस्त किया जाए। वहीं 04 मार्च को तहसीलदार ने 36.21 करोड़ रुपये की रिकवरी के लिए नोटिस भेजा था। मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने जुर्माने की रिकवरी के नोटिस पर स्टे कर दिया। वर्तमान में क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र सेठ (राजू) व संजय वर्मा हैं।

ग्राम ललितपुर के सर्वे क्रमांक 237 स्थित लगभग 16 बीघा जमीन जीवाजी क्लब के आधिपत्य में है। तत्कालीन आरआई ने एक रिपोर्ट तैयार की और यह खुलासा किया कि बिना डायवर्सन के जीवाजी क्लब कई मैरिज गार्डन का संचालन कर रहा है। इसी रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन एसडीओ ने 27 मई 2016 को जीवाजी क्लब पर जुर्माना लगाया। इस आदेश को पहले एडिशनल कलेक्टर और फिर एडिशनल कमिश्नर के समक्ष चुनौती दी गई। लेकिन परिणाम म.प्र. शासन के ही पक्ष में रहा। 10 जनवरी 2022 को एडिशनल कमिश्नर सपना निगम के आदेश के लगभग तीन साल बीतने के बाद जीवाजी क्लब ने हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की। इसमें तर्क दिया गया कि क्लब 1898 से संचालित है। ऐसे में उस पर भू-राजस्व संहिता के प्रावधान लागू नहीं होंगे। वहीं शासन की ओर से इसका खण्डन करते हुए बताया कि जिस सोसायटी के द्वारा क्लब का संचालन किया जाता है, उसका पंजीयन म.प्र. सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट-1973 के अंतर्गत 28 दिसम्बर 1978 में किया गया है। सोसायटी के द्वारा मैरिज गार्डन का संचालन किया जा रहा है। टीएंडसीपी के द्वारा यह क्षेत्र सार्वजनिक उपयोग के लिए नोटिफाइड किया गया है। बिना डायवर्सन मैरिज गार्डन का संचालन किया जा रहा है, इसलिए जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही 2022 के आदेश के लगभग तीन साल बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका पेश करने में देरी का भी कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। फिलवक्त हाईकोर्ट ग्वालियर द्वारा उक्त मामले में स्थगन आदेश जारी किया गया है।



# नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा ग्वालियर सेवा मित्र एप से

**ग्वालियर।** ग्वालियर सेवा मित्र एप के माध्यम से आने वाली शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर तत्काल किया जाए। जिससे आम नागरिकों को सुविधा हो। इसके लिए कंट्रोल का भी गठन किया गया है। इसके माध्यम से कर्मचारी द्वारा संबंधित विभाग अधिकारी को एप पर आने वाली शिकायतों की सूचना भी दी जाएगी।

निगम आयुक्त संघ प्रिय ने निर्देश दिए कि आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा बनाए गए ग्वालियर सेवा मित्र एप को गूगल प्ले से डाउनलोड कर एवं क्यूआर कोड को स्कैन कर शहर के नागरिक स्वच्छता, सीवर, विद्युत एवं पेयजल से संबंधित शिकायतें डाल सकते हैं। जिनका निराकरण नगर निगम के संबंधित अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर कराया जाएगा। इस एप पर आने वाली शिकायतों पर मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में श्री शुभम भदौरिया एवं कु. विनीता जैन उपस्थित रहकर प्रति दिवस एप ग्वालियर सेवा मित्र पर आने वाली शिकायतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से बात करना एवं शिकायत के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी से दूरभाष पर अवगत कराएगें। इस ऐप को आगामी समय में और अधिक विकसित कर निगम की सभी सेवाएं और सुविधाएं शहर के नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे एक एप माध्यम से ही निगम से संबंधित सभी कार्य आम नागरिक आसानी से पूर्ण कर सकें। इस एप को नीचे दी गई लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से भी खोला जा सकता है। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एप पर आने वाली शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करायें। जिससे शहर के नागरिकों को एक अच्छी सुविधा मिल सके।




# टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी : मंत्री पटेल

**टीबी मुक्त 161 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र किये वितरित**

**नरसिंहपुर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल**

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह कार्यक्रम पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में हुआ। मंत्री श्री पटेल ने वर्ष 2024 के लिए जिले की टीबी मुक्त 161 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों को भी टीबी रोग मुक्त पंचायत बनाने के लिये लगातार प्रयास करें। टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव करें? यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वतः टीबी रोग मुक्त हो जाएगी।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि टीबी का समय पर पता चल जाये और इसका पूरा उपचार हो जाए तो, यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। इसमें घबराने वाली बात नहीं है। टीबी को छुपाएं नहीं और न कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच न करे। सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने समाज में इस बीमारी से संबंधित भ्रम की जानकारी देते हुए कहा कि लोग इस बीमारी को कलंक के रूप में देखते हैं। इसे छूने से फैलने वाली बीमारी समझा जाता है। इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को परिवार से दूर रखते है। हमें इन सभी भ्रम को दूर करना होगा। यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को ज्यादा दिनों तक खांसी हो तो जांच अवश्य करायें। अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगायी जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन भी इसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार- प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# नवसंवत्सर के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

**ग्वालियर।** कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 गुडी पडवा 30 मार्च को मनाया जाएगा। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। रॉक्सी पुल पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज 27 मार्च को छत्री मंडी, 28 मार्च को जीवाजी चॉक बाडा पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत, भरत नाट्यम, बालिकाओं द्वारा नृत्य, काव्य गोष्ठी, शास्त्रीय संगीत आदि आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 29 मार्च को पूर्व संध्या वर्तमान पिंगलनाम संवत्सर 2081 विदाई समारोह सायं 6:30 बजे से जलविहार स्थित मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्येय गीत, काव्य गोष्ठी, शास्त्रीय वादन, संगीत सरिता नवराग मंजरी, शास्त्रीय नृत्य, ओडिसी नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


**गुड़ी पड़वा पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**




ग्वालियर । जिले में भी विक्रमोत्सव-2025 भारतीय संस्कृति की गरिमा के अनुरूप मनाया जायेगा। विक्रमोत्सव आयोजन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार जिले में विक्रमोत्सव की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिसके तहत गुड़ी पड़वा 30 मार्च को विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में सूर्य उपासना होगी। साथ ही जिले के प्रमुख मंदिरों एवं प्रमुख भवनों पर ब्रम्हध्वज फहराए जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले में सुव्यवस्थित व गरिमामय ढंग से विक्रमोत्सव की गतिविधियां आयोजित करने के लिये संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन ने बताया कि विक्रमोत्सव के तहत गुड़ी पड़वा 30 मार्च को प्रातरू 10 बजे बाल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाटक का मंचन होगा। साथ ही इस दिन शहर व जिलेभर में प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किए जायेंगे।

# उज्जैन में राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव का शुभारंभ आज

**भोपाल।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव-2025 अंतर्गत राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव (विकास की बात-विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ) का शुभारंभ 27 मार्च 2025 को पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी उज्जैन में प्रातः 11 बजे होगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव अंतर्गत 27 मार्च से राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को तीन भागों में बांटा गया है। पहला है राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, दूसरा है 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन और अंतिम है विज्ञान उत्सव। निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की थीम 'विकास की बात विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ' पर आधारित है। इसमें देशभर के 100 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिक भागीदारी कर रहे है। सम्मेलन में वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक विज्ञान और भारतीय प्राचीन विज्ञान परंपरा पर विभिन्न सत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप, इनोवेशन एवं स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी विषयों पर परिचर्चा होगी। इसके अलावा विज्ञान चौपाल का आयोजन भी होगा। निदेशक ने बताया कि 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन अंतर्गत युवा शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन होगा। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं फेलोशिप प्रदान की जायेगी। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये प्रदान की जायेगी। विज्ञान उत्सव में विद्यार्थी और वैज्ञानिकों के बीच संवाद, साइंस-शो, साइंटिफिक मॉडल कॉम्पिटिशन, टेलिस्कोप से आकाश दर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, तारामंडल में विशेष 3डी-4 के शो, प्रदर्शनी, कार्यशालाएँ, खगोलीय वेधशाला डोंगला का भ्रमण एवं स्टार्ट-अप इनोवेटर्स समिट शामिल है।




स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435